संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 16 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग की अध्यक्षता करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 165 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"

– भगवत गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" –स्वामी विवेकानंद

# एनडीए सरकार गलती से बनी: खरगे

● भारतीय जनता पार्टी को अपने सहयोगियों को एकजुट रखने में काफी परेशानी हो रही: मल्लिकार्जुन

**सरकार को घेरा**

**▶▶ मोदी के पास जनादेश नहीं है, यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है: खरगे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरूः कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दावा है कि एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी और ये कभी भी गिर सकती है। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने सहयोगियों को एकजुट रखने में काफी परेशानी हो रही है।

**कभी भी गिर सकती है ये सरकारः** बंगलूरू में मीडिया से बात करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 'एनडीए सरकार गलती से बनी। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है, यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि यह जारी रहे, यह देश के लिए अच्छा हो, हमें देश को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।' उल्लेखनीय है कि 543 सदस्यों वाली लोकसभा में बहुमत का आंकड़ा 272 है, लेकिन भाजपा बहुमत के आंकड़े से काफी पीछे रही और 240 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। ऐसे में सरकार बनाने के लिए भाजपा एनडीए गठबंधन के सहयोगियों पर निर्भर है। जिनमें 16 सीटें जीतने वाली तेदेपा, 12 सीटें जीतने वाली जदयू और एकनाथ शिंदे की शिवसेना (7) औरलोजपा (5) प्रमुख हैं।


**खरगे के बयान पर एनडीए का पलटवारः** खरगे के बयान पर जदयू ने पलटवार किया है और उनसे पूछा कि जब कांग्रेस ने गठबंधन की सरकार बनाई थी, तब उनके प्रधानमंत्री का स्कोर कार्ड क्या थे बता दें कि साल 1991 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने भी इतनी ही सीटें जीतीं थी, जितनी भाजपा ने 2024 में जीती हैं। बिना किसी स्पष्ट बहुमत के कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में अल्पमत की सरकार बनाई थी। हालांकि पीवी नरसिम्हा राव ने छोटी पार्टियों को तोड़कर अपनी अल्पमत की सरकार को दो साल में ही बहुमत की सरकार बना लिया था।

## केंद्र में तीन पहिए की सरकारः शरद पवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव में महाअघाड़ी दल का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। महाराष्ट्र में कांग्रेस 13, शिवसेना (उद्धव गुट) 9, एनसीपी (एसपी) 7 सीटें जीतने में कामयाब रही। वहीं, इसी साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के रिजल्ट और आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा करने के लिए महाअघाड़ी दल के प्रमुख नेताओं के बीच (15 जून) बैठक हुई। बैठक में उद्धव ठाकरे,शरद पवार, कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण सरीखे नेता शामिल हुए। बैठक में शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा,"यह (लोकसभा चुनाव) संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

# उत्तराखंड हादसे में 12 की मौत, 14 जख्मी



**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रप्रयागः नोएडा के** पर्यटकों का वाहन बदरीनाथ मार्ग पर अलकनंदा नदी में गिर गया। अब तक उसमें सवार 12 पर्यटकों की मृत्यु की सूचना है, हालांकि प्रशासन अभी मरने वालों की स्पष्ट संख्या की जानकारी नहीं दे रहा है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर दुख जताया है। रुद्रप्रयाग से लगभग छह किलोमीटर पहले श्रीनगर की तरफ मुख्य मार्ग पर यह दुर्घटना हुई। पर्यटक टैंपो ट्रेवलर से चोपता घूमने जा रहे थे। कुछ को चोटें आई हैं, गंभीर रूप से घायल छह पर्यटकों को हेली रेस्क्यू कर हायर सेंटर ऋषिकेश भेजा गया है। दुर्घटना का कारण प्रथमदृष्टया तेज रफ्तार होना बताया जा रहा है। विस्तृत विवरण जुटाया जा रहा है। हादसे के शिकार कुछ यात्री दिल्ली एनसीआर के भी बताए जा रहे हैं।

**सीएम धामी ने व्यक्त किया दुखः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे को लेकर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर के

**दुखद**

**▶▶ ट्रैवलर सड़क से फिसलकर 660 फीट नीचे अलकनंदा नदी में जा गिरा, 26 पर्यटक सवार थे**

दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार हेतु भेज दिया गया है। जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं।

# कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलुरूः कर्नाटक में** कांग्रेस सरकार जनता को मंहगाई का झटका दिया है। राज्य सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी कर दी है। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार, कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 3 रुपये और 3.05 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।




**15 जून से सेल्स टैक्स में बढ़ोतरी का ऐलानः** दरअसल, राज्य सरकार ने 15 जून को पेट्रोल और डीजल पर सेल्स टैक्स में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल पर कर्नाटक बिक्री कर 25.92 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत और डीजल पर 14.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 18.4 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह दरें तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। पेट्रोल की कीमत में 3 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिससे बेंगलुरु में प्रति लीटर कीमत 99.84 रुपये से बढ़कर 102.84 रुपये हो गई है।

**महंगाई की मार**

**▶▶ कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 3 रुपये और 3.05 रुपये की बढ़ोतरी हुई है**

## चेन्नई में पदयात्राओं को लेकर सख्त होंगे नियम

**मदुरैः चेन्नई** में पदयात्राओं के लिए सख्त नियम बनाए जा सकते हैं। मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने अधिकारियों को पदयात्राओं को विनियमित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया है। दरअसल, याचिकाकर्ता ने कोर्ट में अपील की है कि भक्तों द्वारा की जाने वाली पदयात्राओं को विनियमित किया जाए।

## तेजस्वी यादव के बयान पर घमासान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तेजस्वी यादव के बयान पर बिहार में सियासत गरमा गई है। ललन सिंह के बाद अब गिरिराज सिंह और जीतन राम मांझी ने भी पलटवार किया है। दरअसल, तेजस्वी यादव ने एक बयान में कहा था कि नीतीश कुमार की सरकार में यादवों को टारगेट कर गोली मारी जा रही है। इस बयान के बाद बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें व्हिलचेयर पर बैठा दिया है, वही आज बोल रहे हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा था कि घटनाओं को जो अंजाम देगा वो जेल जरूर जाएगा। इसे किसी जाति से जोड़कर देखे जाने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भी तेजस्वी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। मांझी ने कहा कि हम जाति नहीं देखते, जो भी क्राइम करेगा वो मारा जाएगा। क्राइम करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी ही। नीतीश सरकार न किसी को फंसाती है और किसी को बचाती है। न्यायोचित काम किया जाता है। उनके (तेजस्वी) पिता जी के राज में क्या होता था अपहरण, लूट और हत्याओं का नेगोशिएशन सीएम हाउस में होता था।

# सिक्किमः फंसे 1200 से अधिक पर्यटक, छह की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गंगटोकः** उत्तरी सिक्किम में 220 मिमी से अधिक बारिश और तीस्ता में आई बाढ़ की वजह से सिक्किम में 1200 से अधिक देसी-विदेशी पर्यटक फंसे हुए हैं। बारिश की वजह से कई इलाकों में भूस्खलन हुआ। तीस्ता नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ा और किनारे के घरों में पानी घुस गया। मौसम में सुधार होने पर पर्यटकों को निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी। सड़क मार्ग को ठीक होने में पांच से छह दिन का समय लग सकता है। उत्तरी सिक्किम में बारिश जारी रही। आपदा में मरने वालों की संख्या छह तक पहुंच गई है। गुरुवार को तीन लोगों का शव मिला था। तीन लोग लापता थे। तीन और शव मिलने के बाद शुक्रवार को लापता लोगों के मरने की भी पुष्टि हो गई। संकलांग इलाके में एक पुल के बह जाने से चुंगथांग एवं लाचुंग इलाके से आवागमन ठप हो गया है।

**भूस्खलन**

**▶▶ कई इलाकों में भूस्खलन हुआ। तीस्ता नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ा और किनारे के घरों में पानी घुस गया**

## पीएम मोदी किसान योजना की 17वीं किस्त 18 जून को वाराणसी से करेंगे जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त वाराणसी से 18 जून को जारी करेंगे। इस मौके पर स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में दी। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आज कहा कि कृषि व किसान प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की 17वीं किस्त वाराणसी से जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी यहां पर 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को कृषि सखियों के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। एक प्रतीक के रूप में प्रधानमंत्री 5 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका उद्देश्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है।

# नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 20 छात्रों ने नई याचिका दाखिल की है। इसमें परीक्षा को रद्द करने और अदालत की निगरानी में किसी स्वतंत्र एजेंसी से मामले की जांच की मांग की गई है। दाखिल याचिका में कहा गया है कि प्रश्नपत्र लीक होने के पुष्ट मामलों के मद्देनजर परीक्षा की शुचिता संदिग्ध है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई है। इसके अलावा




याचिका में 5 मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से शीर्ष अदालत की निगरानी में जांच कराने की अपील की गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हो चुके 20 छात्रों ने दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग शीर्ष अदालत से की है। सर्वोच्च अदालत ने परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था। नई याचिका में कहा गया है कि 'व्यापक अनियमितताओं और धोखाधड़ी' को देखते हुए पुनः परीक्षा से केवल योग्य छात्रों को चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी।

**ज्ञापन भेजा** तीन नए आपराधिक कानूनों को प्रशिक्षण में करें शामिलः केंद्र सरकार

# 1 जुलाई से लागू होंगे तीनों नए आपराधिक कानून

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः औपनिवेशिक** काल के आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होंगे। इसे देखते हुए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने शुक्रवार को सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नए आपराधिक कानूनों की विषय-वस्तु शामिल करने के लिए एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया।



**1 जुलाई से पुराने कानूनों की जगह लेंगे नए कानूनः** ज्ञापन के अनुसार, तीन नए आपराधिक कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 25 दिसंबर, 2023 को अधिसूचित किए गए थे। ये तीनों कानून एक जुलाई, 2024 से लागू होंगे। इन कानूनों को भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लाया गया है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कानूनों को शामिल करने का निर्देशः** डीओपीटी ने कहा कि इस संबंध में सभी मंत्रालयों और विभागों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आने वाले प्रशिक्षण संस्थानों को उनके द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में इन तीन नए कानूनों को शामिल करने के लिए निर्देश जारी करें।

**ई-पाठ्यक्रमों पर मिलेगी बदलावों की जानकारीः** नए कानूनों के माध्यम से किए जा रहे बदलावों की जानकारी के लिए ई-पाठ्यक्रमों का भी उपयोग किया जा सकता है, जो कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध है। कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार के विभाग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए गृह मंत्रालय के अधीन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की सहायता ले सकते हैं।

**शांति**

**▶▶ गृह मंत्रालय के अधीन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की सहायता ले सकते हैं**



# पीडब्ल्यूडी जाम से दिलाएगी राहत!

## परिवहन विभाग और पुलिस से जाम वाली जगहों की पहचान करने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शहर में जाम के मुख्य कारणों की पहचान करने और भीड़भाड़ कम करने के लिए उपायों का प्रस्ताव करने के लिए परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। पीडब्ल्यूडी ने 10 नई परियोजनाओं की योजना बनाई है, जिनमें फ्लाईओवर, ऊंचे सड़क और अंडरपास बनाना शामिल है। जिनका अनुमानित बजट 4,000 करोड़ रुपये है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा, "हम ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इस पर विभिन्न हितधारकों के साथ काम कर रहे हैं। कई चौराहे और ऐसे क्षेत्र हैं जहां जाम लगता है।" उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी इस मुद्दे को दूर करने के लिए परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। संभावित समाधानों पर चर्चा के लिए कई बैठकें की जा चुकी हैं।



अधिकारी ने विस्तार से बताया कि अंडरपास, एलिवेटेड रोड या फ्लाईओवर बनाने का फैसला परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की रिपोर्ट पर आधारित होगा। इस रिपोर्ट में दिन के अलग-अलग समय में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात की मात्रा के डिटेल्स होंगे और भीड़भाड़ के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने कहा, "प्रतिक्रिया के आधार पर, हम परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ेंगे।" इन प्रयासों के अलावा, पीडब्ल्यूडी अपने निर्वाचन क्षेत्रों में यातायात जाम को कम करने वाली परियोजनाओं पर विधायकों के सुझावों पर भी विचार करता है। पिछले साल, दिल्ली पुलिस ने शहर में 117 प्रमुख ट्रैफिक जाम बिंदुओं की पहचान की थी। भीड़भाड़ के कारणों में निर्माण गतिविधियों से लेकर अतिक्रमण तक शामिल थे।

भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए, पुलिस ने प्रमुख चौराहों पर कर्मचारियों को तैनात किया है, "वन-वे" ट्रैफिक योजनाओं को लागू किया है और अतिक्रमण और भीड़भाड़ को हटाने के लिए अभियान चलाए हैं।

**जाम की मुख्य जगहें (चोक पॉइंट्स):** उत्तरी रेंज में सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले बिंदु 27 हैं। इसके बाद दक्षिणी रेंज में 22, मध्य रेंज में 21, पूर्वी रेंज में 20, पश्चिमी रेंज में 19 और नई दिल्ली रेंज में आठ हैं।

# जल संकट पर भाजपा का दावा, हरियाणा और उत्तराखंड से दिल्ली को पूरी मात्रा में मिल रहा है पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में चल रहे जल संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी (आआपा) को आड़े हाथों लिया। उन्होंने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि दिल्ली को हरियाणा और उत्तराखंड से निश्चित और लगभग पूरी मात्रा में पानी मिल रहा है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने भी शुक्रवार को स्वीकार किया कि पीने के पानी के उत्पादन में मुश्किल से 0.5 से 7 प्रतिशत की कमी है। फिर क्यों आआपा के नेता दिल्ली में जल संकट की स्थिति को लेकर नाटक कर रहे हैं और पड़ोसी राज्यों पर दोषारोपण कर रहे हैं। दिल्ली की सरकार को दोषारोपण बंद करके टैंकर माफिया द्वारा पानी की चोरी और लीकेज की समस्याओं को ठीक कराना चाहिए। वीरेन्द्र सचदेवा ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली सरकार को अतिरिक्त पानी के लिए ऊपरी यमुना नदी बोर्ड से संपर्क करने के सख्त निर्देशों के बावजूद दिल्ली सरकार अब केंद्रीय जल मंत्री सी.आर. पाटिल से संपर्क करके एक नया राजनीतिक नाटक कर रही है। दिल्ली वाले समझ नहीं पा रहे हैं कि जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल ऊपरी यमुना नदी बोर्ड ही दिल्ली को अतिरिक्त पानी दे सकता है, तो फिर आआपा केंद्रीय जल मंत्री के पास क्यों जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः** निविदा सूचना सख्या 23/2024–2025 दिनांक 12.06.2024 (I) निविदा सख्या 09215002B 09.07.2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा खुलने की तिथि को संशोधित किया गया है जो अब 04.07.2024 को देय है। अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1814/24

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



राज

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **राज सुपुत्र दिनेश कुमार निवासी मकान नं. डी-3/19, संगम विहार, नई दिल्ली** जो दिनांक **06.06.2024, दोपहर 02:30 बजे** से अपने घर से लापता/अपहृत हो गया है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **315/24, अंतर्गत धारा 363 आईपीसी, दिनांक 08.06.2024 को थाना संगम विहार, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़के का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** 10 वर्ष, **कदः** 4' फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** क्रीम रंग की पैंट और ग्रीन रंग की टी-शर्ट पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**थाना प्रभारी**
**थानाः संगम विहार, दिल्ली**
**फोनः 011-26044546, 26042188**
**मोबाइलः 8750870833**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**
**DP/7330/SD/2024**

# गाजियाबाद के लोनी स्थित पॉलिथीन बनाने की फैक्टरी में

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के ट्रॉनिका सिटी थाना अंतर्गत लोनी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह पॉलिथीन बनाने की एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। अग्निशमन की 20 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने अथवा घटनास्थल पर किसी के फंसे होने की खबर नहीं है। एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्टरियों को खाली करा लिया गया है। अग्निशमन विभाग के एडीजी अमन शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि यह फैक्टरी प्रकाश कुमार की है, जिसमें पैकेजिंग का कार्य किया जाता है। शनिवार सुबह फैक्टरी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते इसने भीषण रूप धारण कर लिया। आग बुझाने का प्रयास शुरू कर



दिया गया है। इस बीच तेज हवा चलने से कंपनी में केमिकल के ड्रम तेज धमाके के साथ फट रहे हैं। घटनास्थल पर मेरठ, बागपत, गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद से 20 से अधिक अग्निशमन वाहन पहुंच चुके हैं।

# सुसाइड की घटनाओं को रोकने के लिए दिल्ली मेट्रो के 11 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर लगेंगे स्टील के बैरिकेड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** यात्रियों की सुरक्षा के लिए दिल्ली मेट्रो के तीन कॉरिडोर के 11 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर स्टील के बैरिकेड लगेंगे। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने 4.78 करोड़ की लागत से उन स्टेशनों पर स्टील बैरिकेड लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। टेंडर आवंटन के बाद छह महीने में यह कार्य पूरा होगा।



**मेट्रो स्टेशनों पर आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के बाद फैसलाः** असल में मेट्रो स्टेशनों पर आत्महत्या की कई घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ अधिक होने पर धक्का-मुक्की में भी किसी यात्री के प्लेटफॉर्म से नीचे मेट्रो ट्रैक पर गिरने का खतरा रहता है। इसके मद्देनजर यलो लाइन के छह स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर लगे हुए हैं।

**12 स्टेशनों के प्लेटफार्म पर स्टील के लगे हैं बैरिकेडः** इसके अलावा एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन, मजेंटा व पिंक लाइन के सभी स्टेशनों पर प्लेटफार्म स्क्रीन डोर लगे हुए हैं, लेकिन पुराने कॉरिडोर के स्टेशनों पर सुरक्षा के इस तरह क इंतजाम नहीं है। पांच मेट्रो कॉरिडोर के 12 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर स्टील के बैरिकेड लगे हुए हैं। जिसमें रेड लाइन का कश्मीरी गेट स्टेशन, यलो लाइन का मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम, ब्लू लाइन का द्वारका सेक्टर 21, राजीव चौक, मंडी हाउस, सुप्रीम कोर्ट, इंद्रप्रस्थ, बोटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर 32, ब्लू लाइन का वैशाली, वॉयलेट लाइन का केंद्रीय सचिवालय व लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इसी क्रम में अब 11 स्टेशनों के प्लेटफार्म पर स्टील के बैरिकेड लगाए जाएंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा यू/एस 82 (2) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री राम पुत्र कालीचरण उर्फ किशोरी मल निवासी वागाबोंड फुटपाथ, फतेहपुरी, पुरानी दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No: 58/22 U/s 411 IPC** के तहत एक मामला **थाना पुरानी दिल्ली, रेलवे स्टेशन** में दर्ज किया गया और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **श्री राम** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **श्री राम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **श्री राम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अनुज कुमार सिंह**
**एसीएमएम-02, कमरा नः 296A,**
**दूसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/6865/Rly/2024**

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र–1**

सूचना सं. 1742/24, कैटलोग सं. UMB-Catg-Mix-0423, क्र.सं. AA/1, लोट सं. Catg-UMB-NLDM-SMU-68-24-1, प्रकाशित तिथि 12.6.2024, हिंदी संस्करण में " नंगल डैम स्टेशन की कैटरिंग यूनिट के स्थान को "प्लेटफार्म सं. 1" कि जगह "प्लेटफार्म सं. 2" पढ़ा जाये। बाकि सभी नियम व शर्ते वही रहेंगे। असुविधा के लिए खेद है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1797/24

## युवक की सड़क हादसे में मौत

**दादरी।** दोस्तों के साथ पंजाब घूमने गए कटहेरा गांव निवासी सौरभ भाटी (28) की जालंधर में सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार रात सौरभ की थार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सौरभ के तीन दोस्त तुषार, संदीप और दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के मुख्य सचिव के खिलाफ गृह मंत्रालय को लिखा खत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। इस खत में सौरभ ने सचिव नरेश कुमार की शिकायत की है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'मुख्य सचिव समय पर डिसिल्टिंग रिपोर्ट न भेजने के लिए आचार संहिता का बहाना ले रहे थे, लेकिन आचार संहिता की उसी अवधि के दौरान मुख्य सचिव ने दक्षिण दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के आरडब्ल्यूए सदस्यों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में तत्कालीन भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी भी उपस्थित थे।




इंटीग्रेटेड ड्रेन मैनेजमेंट सेल (आईडीएमसी) के अध्यक्ष होने के नाते मुख्य सचिव को विभिन्न विभागों द्वारा गाद निकालने का तीसरे पक्ष से स्वतंत्र ऑडिट सुनिश्चित करना चाहिए था। सौरभ ने आगे आरोप लगाया कि मुख्य सचिव उन विभागाध्यक्षों को भी कारण बताओ नोटिस देने में असफल रहे

जिन्होंने 13 फरवरी को हुई नाला प्रबंधन वाली बहु-हितधारकों की बैठक में अनुपस्थित थे।

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



फराह

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **फराह** पुत्री **नौशाद अली, पताः** एफ–51 गाजीपुर गांव, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक 11.06.2024 लगभग सायं 6:00 बजे से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 234/2024 U/s: 363 IPC, दिनांकः** 12.06.2024, **थानाः पटपड़गंज, दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

**उम्रः** 15 साल, **कदः** 5'2", **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **बालः** लम्बे और काले; **पहनावाः** सिल्वर रंग का सूट सलवार और पैरों में काले रंग की चप्पलें। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**थानाध्यक्ष**
**थानाः पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली**
**फोनः 8750870626, 7982563213**
**DP/7418/ED/2024**

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 18.06.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12276 (F1), 12432 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12986 (F1), 15035 (F2), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22654 (F1) |
| 2. | 19.06.2024 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12264 (F1), 12265 (F), 12754 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14206 (F1), 14681 (F1), 20506 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1), 22634 (F1), 22812 (F1) |
| 3. | 20.06.2024 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 14006 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14053 (R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 22210 (F1) |
| 4. | 21.06.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12420 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 5. | 25.06.2024 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 6 | 26.06.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 7. | 27.06.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी संख्या : 22418/22417 |
| 8. | 28.06.2024 को 10:30 बजे | 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार के लिए), 12060 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार के लिए) 12284 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22168 (R1), 22806 (F1), 22868 (F1) |
| 9. | 01.07.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12455 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 22438 (F1), 22454 (F1, F2 & R1) |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**
1 ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_ centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2 **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **1818/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# कांग्रेस ने 8500 रुपये बैंकों में डालने का झूठा वादा करके मतदाताओं को ठगा: नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया

**अंबाला:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा के भारतीय जनता पार्टी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसा नेता मिला है, जो निरंतर लोगों की भलाई के लिये प्रधान सेवक के रूप में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को संगीत पैलेस अम्बाला शहर में विकसित भारत-विकसित हरियाणा के तहत आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां सीएम सैनी ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 8500 रुपये खटा-खट खटा-खट देने जैसे झूठे लोकलुभावन वादे करके लोगों को धोखा दिया। कांग्रेस ने जो पाप किया है और इनकी जो भ्रष्टाचारी नीतियां हैं उनको लोग अच्छी तरह से जानते है। उन्होंने कहा कि संविधान का सबसे ज्यादा अपमान करने वाली पार्टी भी कांग्रेस है। नायब सैनी ने पूर्व सीएम हुड्डा को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि श्री हुड्डा कांग्रेस के समय में दी गई नौकरियों पर श्वेत पत्र जारी करें और बताएं कि कांग्रेस के समय में दी गई नौक्रियों पर कोर्ट ने क्या निर्णय लिए हैं?

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी के बावजूद पूरे जोश व जुनून के साथ कार्य किया और बूथों पर डटे रहे। उन्होंने ऐसे सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि तीन महीने बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसी प्रकार से कार्यकर्ताओं को काम करते हुए कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगातार झूठ एवं भ्रामक प्रचार का सहारा लेकर



जनता को गुमराह करने का लगातार काम किया है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस साल में रिकॉर्डतोड़ विकास के कार्य हुए हैं तथा पूरे विश्व में प्रधानमंत्री मोदी की छवि एक सशक्त नेता के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के सच्चे हितेषी हैं, जिन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालते ही पहला कार्य 20 हजार करोड़ रुपये की राशि किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिये पूरे प्रदेश में जिला व उपमंडल स्तर पर उपायुक्त तथा एसडीएम द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ प्रातः 9 से 11 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस में समाधान शिविर आयोजित कर समस्याओं का निवारण किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा तथा अधिकारियों को भी उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये है कि कार्यकर्ता जो भी जायज कार्य उनके पास लेकर आएं, उनके काम बिना किसी देरी के किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने-अपने बूथ को मजबूत करें तथा जन-जन तक भाजपा की नीतियों, सरकार के जनहितैषी कार्यों की जानकारी दें जिससे कि कांग्रेस ने जो झूठ फैलाया है, उसकी असलियत जनता के सामने आ सके। पूर्व सीएम हुड्डा को निशाने पर लेते हुए श्री सैनी ने कहा कि वर्ष 2008 में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने हर घर से नौकरी देने का वादा करके लिस्टें बनाई लेकिन कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े नौ साल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरी देने का कार्य किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने अपने कार्यकाल के दौरान जो नौकरियां दी हैं, उस पर श्वेत पत्र जारी करें और बताएं कि उन नौकरियों में कोर्ट ने क्या निर्णय दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भी इस बारे में श्वेत पत्र जारी करने का तैयार हैं।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान मंच से एक-एक लाख रुपये देने तथा 8500 रुपये खटा-खट खटा-खट देने जैसे झूठे लोकलुभावन वादे किये तथा संविधान की कॉपी हाथ में लेकर यह झूठ फैलाया कि अगर भाजपा 400 सीटें ले गई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान तथा आरक्षण को खत्म कर देंगे।

## फिर मलाईदार पद हासिल करने की जुगत में जुटे नौकरशाह

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा में भले ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कह रहे हो कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का झूठ लोकसभा चुनाव की तरह कामयाब नही होगा और भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। लेकिन भाजपा राज में दस साल मलाईदार पदो पर तैनात रहे नौकरशाह यह मानकर चल रहे है कि कांग्रेस राज आने वाला है। ऐसे नौकरशाह अब कांग्रेस की मदद करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मुख्यमंत्री को चेतावनी के तहत पीड़ित के दायरे में आना चाहते है ताकि फिर से मलाईदार जिम्मेदारी हासिल कर सके।

इस बीच शुक्रवार देर रात ही सीआईडी के एडीजीपी आलोक मित्तल ने चुनाव परिणामों के बारे में सही रिपोर्टिंग न करने को लेकर 26कर्मचारियों के तबादले किए है।चंडीगढ़ एसपी ने भी 26इंस्पेक्टर के तबादले किए है। पूर्व सीएम मनोहर लाल और सीएम नायब सैनी चुनाव में भाजपा को 5 लोकसभा सीटों पर हार का ठीकरा कर्मचारियों पर फोड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना चाहते हैं। यानी मलाई वाली जिम्मेदारी से दूर रखना चाहते हैं। नौकरशाह यह मान रहे है कि चंद महीनों में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है और इन चंद महीने बिना लाभ के पद पर रह कर आने वाली सरकार में मलाई के भागीदार बनना आसान हो जाएगा। कुछ अफसरों ने तो गड़बड़ी करने का दिखावा या प्रचार ही इसी रणनीति के तहत किया है। इनमें बहुत से अफसर ऐसे भी है जिन्होंने 10 साल भाजपा के राज में मलाई खाई है। उधर भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए अब ताकत झोंकना चाहती है। अनुसूचित जाति और बीपीएल तबके को सौ सौ गज के प्लॉट देने के साथ दो किलो वाट तक के बिजली उपभोक्ताओं का मासिक शुल्क माफ करने और पचास हजार सरकारी पद भरने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की पोर्टल के माध्यम से 27 जून को

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा द्वारा हरियाणा में नयी संशोधित नीति के अनुसार विभिन्न जिलों की आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की पोर्टल के माध्यम से 27 जून, 18 जुलाई तथा पहली अगस्त,2024 को ई-नीलामी की जाएगी। बोर्ड के प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों नामत: पलवल, रेवाड़ी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, कैथल, रोहतक, रतिया, सिरसा, झज्जर, हिसार, टोहाना, फतेहाबाद, करनाल, घरौंडा, सोनीपत, पानीपत, नरवाना, पंचकूला, यमुनानगर, अम्बाला कैंट व धारूहेड़ा की आवासीय संपत्तियों और जिला सिरसा, मडलौडा तथा बहादुगढ़ में व्यावसायिक संपत्तियों की ई-नीलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी दो मास के लिए ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 15 से 29 जुलाई, 2024 है। बोर्ड द्वारा एक हजार रुपये व 18 प्रतिशत जीएसटी पंजीकरण शुल्क तथा 500 रुपये व 18 प्रतिशत जीएसटी प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी पोर्टल पर सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी। इस संबंध में स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट तथा हेल्पलाइन नंबर 0172-3520001 पर प्राप्त की जा सकती है।

### बीजेपी सरकार में हरियाणा में खुले आम पनप रहा टैंकर माफिया: अनुराग ढांडा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़: आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शनिवार को पानीपत और सोनीपत में हो रही पानी की चोरी को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा हरियाणा की बीजेपी सरकार मूनक नहर में हो रही पानी की चोरी पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा एक तरफ हरियाणा सरकार दिल्ली सरकार पर टैंकर माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगा रही है, जबकि उसके उलट हरियाणा में टैंकर माफिया मूनक नहर से पानी चुराने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि मूनक नहर से दिल्ली को पानी दिया जाता है। जो पानी दिल्ली की जनता के लिए है। उसमें करनाल, पानीपत और सोनीपत में रात के अंधेरे में टैंकर संचालक चोरी करते है। करनाल में टैंकर संचालक तो वहीं पानीपत में मोटर और पाइप लगाकर इस पानी की चोरी की जाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार और नेताओं को दिल्ली सरकार पर टैंकर माफिया को बढ़ावा देने के आरोप लगाने से पहले खुद के गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए। हरियाणा में होने वाली पानी की चोरी का असर दिल्ली पर पड़ता है। इससे एक तरफ तो दिल्ली को पूरा पानी नहीं मिल पाता, वहीं दिल्ली में चल रही पानी की कमी पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार जल्द से जल्द इस पानी की चोरी पर लगाम लगाए और दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी दिल्ली तक पहुंचाने का काम करे। हरियाणा के टैंकर गिरोह ने दिल्ली के जल संकट को बढ़ाने का काम किया है। वहीं हरियाणा की बीजेपी सरकार खुद का राज्य संभालने की बजाय दिल्ली की आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाने में व्यस्त है।

### जींद : एसपी ने पुलिसकर्मियों को पढ़ाए नए कानूनों का पाठ

जींद: केंद्र सरकार की ओर से पारित किए गए कानून एक जुलाई से लागू हो रहे हैं। इन नए कानूनों के लागू होने से अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने के नियमों की जानकारी को लेकर एसपी सुमित कुमार ने शनिवार को पुलिस लाइन में थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज व जिला के अनुसंधानकताओं के साथ पाठशाला लगाई। जिसमें उन्होंने तीनों कानूनों की बारिकियां ही नहीं सुझायी, बल्कि अधिकारियों को कानून पढने की सीख भी दी। पुलिस लाइन में प्रेक्षागृह में शनिवार को प्रशिक्षण (कार्यशाला) का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस कप्तान ने देश में लागू होने वाले नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में पुलिस अधिकारियों को जानकारी सांझा की।

## रणधीर सिंह को 14 हजार रुपए रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कैथल जिला के राजौंद हलका में कार्यरत कानूनगो रणधीर सिंह को 14000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में एंट्री करने के बदले में 14 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। ब्यूरो के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत प्राप्त हुई कि कैथल जिला में कार्यरत कानूनगो रणधीर सिंह राजस्व रिकॉर्ड में एंट्री करने के बदले में ?14000 की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी द्वारा उसकी जमीन के हिस्से उपरांत राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में इसकी एंट्री की जानी थी, के लिए आरोपी रिश्वत की मांग कर रहा है। तथ्यों की जांच करने उपरांत आरोपी को 14000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

**काबू**

▶▶ आरोपी द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में एंट्री करने के बदले में 14 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी

## स्व. लक्ष्मीचंद क्रन्तिकारी विचारों से परिपूर्ण थे: जैन

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने कहा है कि स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता बचपन से ही क्रन्तिकारी विचारों से परिपूर्ण थे और उनके लिए व्यापारियों के हित सर्वोपरि थे चाहे उन्हें व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए अपनी सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए मैदान में ही क्यों ना कूदना पड़ा।

राजीव जैन शनिवार को सिद्धार्थ कॉलोनी में स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की 20वी पुण्यतिथि पर जिला व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि करने के बाद व्यापारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने




कहा कि लक्ष्मी चंद गुप्ता ने प्रदेश में चुंगी हटवाने, सेल्स टैक्स बैरियर हटवाने, वैट समेत अनेकों मुद्दों पर व्यापारियों के लिए संघर्ष किया।

लक्ष्मी चंद गुप्ता के सुपुत्र एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि जीवन में अभावग्रस्त होते हुए भी व्यापार-परिवार की चिंता किए बिना संघर्ष किया और अनेकों बार सरकारी प्रलोभनों को भी ठोकर मार दी। जिलाध्यक्ष संजय सिंगला ने कहा कि हमें सभी व्यापारियों को संकल्प लेना चाहिए कि किसी भी व्यापारी पर विपत्ति की दशा में कंधे से कन्धा मिलाकर सहयोग करेंगे।

व्यापार मंडल के संरक्षक एवं मार्किट कमेटी के पूर्व वाईस चेयरमैन संजय वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने आपात कल से लेकर अनेकों बार जेल यात्रायें की और व्यापारियों के लिए लाठी डंडे भी खाये। कार्यक्रम में अरविन्द मित्तल, राजबीर सैनी, पुनीत जांगड़ा, बलराज वशिष्ठ, राजू, सुनील सहजादपुर, रामनिवास सिंगला, कांति शर्मा, प्रदेश सचिव, अधिवक्ता नितिन जांगड़ा, अंकुर शर्मा सहित अनेकों व्यापारी उपस्थित रहे।

**पुण्यतिथि**

▶▶ लक्ष्मी चंद गुप्ता ने चुंगी हटवाने, सेल्स टैक्स बैरियर हटवाने, वैट समेत अनेकों मुद्दों पर व्यापारियों के लिए संघर्ष किया

## इनेलो 17 जून से 23 जून तक करेगी जिला स्तरीय बैठकें

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**इनेलो** की जिला स्तरीय बैठकें 17 जून से शुरू होंगी और 23 जून तक चलेंगी। इन बैठकों में इनेलो के जिला अध्यक्ष, हलका अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता समेत पूर्व विधायक, पूर्व सांसद भाग लेंगे। इन बैठकों को इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा संबोधित करेंगे।

बैठक की शुरूआत सोमवार 17 जून को अंबाला और यमुनानगर से होगी। उसके बाद 18 जून को करनाल, कुरूक्षेत्र और कैथल, 19 जून को जींद, पानीपत और सोनीपत, 20 जून को फरीदाबाद, पलवल और मेवात, 21 जून को रोहतक, झज्जर और गुरुग्राम, 22 जून को रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ (नारनौल), भिवानी-दादरी और 23 जून को हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में बैठक होंगी। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बताया कि इनेलो पार्टी द्वारा लोकसभा के चुनावों के बाद पहली बार जिला स्तर की बैठकों को आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में आगे आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर मंथन किया जाएगा। बैठक में पार्टी संगठन को और ज्यादा मजबूत करने के लिए जहां पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

**मंथन**

▶▶ राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा संबोधित करेंगे

## 18 की बजाय 23 जून को होगा इग्नू का एग्जाम

म एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू) की पूरे भारत में जून 2024 सत्रांत परीक्षाएं अभी चल रही है जो कि 15 जुलाई,2024 तक चलेंगी। क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत पूरे हरियाणा में कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है जहाँ इग्नू की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 18 जून को यूजीसी नेट के एग्जाम के कारण इग्नू का एग्जाम अब 23 जून,2024 रविवार को कर दिया गया है।

## कोचिंग डिप्लोमा को माना एनआईएस पटियाला के बराबर: कुलपति अशोक

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई के कुलपति एवं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा घोषणा की गई है कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) द्वारा दिया जाने वाला खेल कोचिंग का डिप्लोमा (पीजीडीएससी) अब प्रतिष्ठित संस्थान नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल (एनआईएस), पटियाला और देश भर के अन्य यूजीसी-मान्यता प्राप्त खेल विश्वविद्यालयों द्वारा दिए जाने वाले खेल कोचिंग डिप्लोमा के बराबर माना जाएगा। यह ऐतिहासिक निर्णय खेल शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हरियाणा खेल विश्वविद्यालय का गठन के विधानसभा के अधिनियम 21, 2022 के तहत किया गया है। यह विश्विद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत मान्यता प्राप्त है साथ ही यह तेजी से उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। एनआईएस, पटियाला के डिप्लोमा के बराबर की मान्यता मिलने का मतलब यह ही की हरियाणा खेल विश्विद्यालय से प्राप्त पीजीडीएससी डिप्लोमा धारकों को अब देश भर में खेल कोचिंग में समान अवसर और मान्यता मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्रों प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म को 15 जुलाई, 2024 तक भर सकेंगें। प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि को 21 जून 2024 से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दिया गया है। समतुल्यता, विद्यार्थियों को अन्य प्रमुख संस्थानों के स्नातकों के बराबर ही भविष्य बनाने और आगे बढ? में सक्षम बनाएगी। आवेदन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नियमित मोड़ और सक्रिय खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया हाइब्रिड मोड, प्रत्येक में 50 सीटों की क्षमता है। इसके अतिरिक्त, खेल विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) 50 सीटों के साथ उपलब्ध है। स्नातकोत्तर छात्रों के लिए, मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (एमपीईएस) कार्यक्रम में 30 सीटें हैं। हम खेल कोचिंग में विशेष स्नातकोत्तर डिप्लोमा को भी प्रदान करते हैं, जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, लॉन-टेनिस, वॉलीबॉल, कुश्ती और योग जैसे विभिन्न खेल शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक डिप्लोमा में 25 सीटें हैं। इसके अलावा, हम अन्य महत्वपूर्ण विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी प्रदान कर रहे हैं।

## सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कर रही काम: सुधा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अधिकारी तय समय सीमा के अंदर काम को पूरा करें और किए जा रहे कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है मंत्री कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के थर्ड गेट से ज्योतिसर तक की सडक का कार्य शुरू करने उपरांत उपस्थित अधिकारियों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह सडक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही है और इसके निर्माण पर करीब 17 करोड़ 51 लाख रुपये खर्च होंगे और जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार शहर के लाखों लोगों को सहूलियत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है। इन फैसलों से लोगों का जीवन सहज होगा और नगर निकायों से संबंधित कार्यो के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में सबसे बड़े लाल डोरा सम्पत्ति का भी हल निकाला है। अब लाल डोरा भू-मालिक को स्वयं सत्यापित शपथ पत्र देना होगा, जिससे उन्हें समपति बेचने का अधिकार मिल जाएगा। प्रदेश सरकार की तरफ से करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए गए है। इस सरकार ने शहर और गांवों में समान रूप से विकास कार्य करवाएं है और समाज के अंतिम व्यक्ति को भी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी नगर निकायों में अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना होगा और गर्मी के सीजन में लोगों के पीने के पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान देना होगा। इतना ही नहीं अधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर काम करना होगा ताकि आने वाले कुछ दिनों में ही शहर की सफाई व्यवस्था में बदलाव नजर आए।

**विशेष फोकस**

▶▶ इतना ही नहीं अधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष फोकस रखकर काम करना होगा

## फल, फूल तथा मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे आयोजित

म एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 18 से 20 जून तक नर्सरी रेजिंग (फल, फूल, सब्जी) और 24 से 26 जून तक मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा उत्पादन तकनीकों की जानकारी देकर युवाओं का कौशल विकास किया जाएगा।

व्यावहारिक ज्ञान के लिए प्रशिक्षण से संबंधित स्थापित इकाईयों का भी भ्रमण करवाया जाएगा। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में उपर्युक्त प्रशिक्षण की तिथि को ही सुबह 7 बजे पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

**दिशा-निर्देश**

▶▶ पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी

## 30 जून को हरियाणा में आएंगी सुनीता केजरीवाल: डॉ सुशील

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने जींद के आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रेसवार्ता की। उनके साथ संगठन मंत्री राजेंद्र शर्मा, रणदीप राणा, अश्वनी दुल्हेडा, आदर्शपाल सिंह, रविंद्र मटरु और महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रजनीश जैन मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी लोकसभा अध्यक्ष और सभी जिलाध्यक्षों के साथ मीटिंग हुई। इस मीटिंग में तय किया गया कि 30 जून को हरियाणा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल को बुलाया गया है। 30 जून को हरियाणा में सुनीता केजरीवाल आएंगी और विधानसभा चुनाव का आगाज करेंगी। पदाधिकारियों और




कार्यकताओं के साथ चर्चा के बाद रैली का स्थान निर्धारित किया जाएगा। आम आदमी पार्टी बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत कर रही है और एक एक कार्यकर्ता से मिल रही है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिन के अंदर हमारे सभी संगठन मंत्री हरियाणा के सभी 22 जिलों में मीटिंग करेंगे और आगामी एक सप्ताह में सभी 90 विधानसभाओं में मीटिंग करेंगे, कार्यकताओं से मिलेंगे और गांव गांव जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने जो बेहतरीन कार्य दिल्ली और पंजाब में किए उनसे लोगों को अवगत कराएंगे। इस राज्यस्तरीय मीटिंग के लिए लोगों को निमंत्रण देंगे और हरियाणा की जो बदहाल व्यवस्था है चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, अपराध, भ्रष्टाचार और चाहे नशे का हो इसके बारे में लोगों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने अच्छा किया, जिस कारण कई सीटों पर बहुत वोटों से हारे। अब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की सभी 90 सीटों पर मजबूत तैयारी है। उन्होंने कहा कि अखबार में पारदर्शी सुशासन के प्रभावी कदम दिखाए जा रहे हैं। जिसमें 5 करोड़ रुपए तक के काम गिनाए जा रहे हैं। ये बहुत छोटे छोटे काम हैं, लेकिन लोगों को झुनझुना पकड़ाने के लिए अखबार में दिखाए गए हैं। इसमें कुल 66 काम दिखाए गए हैं, परंतु इनमें से केवल 7 कामों की तारीख चुनाव से पहले की रखी गई है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोग बिजली के लिए तरस रहे हैं। न बिजली आ रही है न पानी, लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। जींद की कॉलोनियों और गांवों में दिन और रात लंबे लंबे कट लग रहे हैं। जिसको लेकर जनता में हाहाकार मचा हुआ है। प्रदेश में लू की वजह से पारा उफान पर है। हालात ये हैं कि गांव में दिन भर लाइट नहीं आती और रात को बस 2 घंटे के लिए ही बिजली सप्लाई दे रहे हैं। बिजली समस्या से पूरा हरियाणा परेशान है।

**चुनाव की तैयारी**

▶▶ आगामी दिनों से 22 जिलों और 90 विधानसभाओं में मीटिंग करेंगे सभी संगठन मंत्री

## न्यूज फ्लैश

### रक्तदान करने वाला रक्तदाता मानवता का सही मायनों में सच्चा सेवक-डिप्टी सीएमओ यादव

**सोनीपत: विश्व** रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा शुक्रवार को हैबीटेट क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि डिप्टी सीएमओ तरूण यादव ने किया। डिप्टी सीएमओ ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया। डिप्टी सीएमओ तरूण यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए। जिस प्रकार आक्सीजन शरीर के लिए आवश्यक है, इसी रूप में रक्त भी शरीर के लिए आवश्यक है। रक्तदान करने वाला रक्तदाता सही मायनों में मानवता का एक सच्चा सेवक होता है क्योंकि रक्तदान करने से किसी व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। एक रक्तदाता 4 मरीजों की जिन्दगी बचा सकता है।

उन्होंने बताया कि आज रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने 36 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें 16 रक्तदाता ऐसे थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को प्राथमिकता चिकित्सा सहायता के बारे में भी जागरूक किया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को आगे भी रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई। रक्तदान शिविर के दौरान पूर्व रैडक्रॉस अधिकारी सरोज बाला ने बैज लगाकर रक्तदाताओ का हौसला बढाया व वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राजेन्द्र मेहरा की याद में रक्तदाताओ व सिविल अस्पताल रक्त बैंक की टीम का जल पान आदि कराया। इस मौके पर सिविल अस्पताल से डा. भानू शर्मा, ब्लड बैंक इन्चार्ज, भुवनेश, विकास व चन्द्र व रैड क्रास स्टाफ से डीटीओ राजबीर, टीआई प्रोजैक्ट मैनेजर सोमबीर, प्रेम, प्रमेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### हैप्पी कार्ड के लिए लगने बस परिसर में लाभर्थियों की भीड़, 4120 पात्रों को किए वितरित

**सोनीपत: प्रदेश** में रोडवेज की लॉरी में मुफ्त सफर का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए हैप्पी कार्ड योजना सरकार की तरफ से शुरू की गई है। योजना का लाभ लेने के लिए सोनीपत बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ लगने लगी है। जिले में अब तक 23 हजार 855 लोगों ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) कार्ड के लिए आवेदन किए है। जिनमें से 4120 पात्रों को हैप्पी कार्ड वितरित किए गए है। बस अड्डे पर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले और कार्ड लेने के लिए आने वाले पात्रों की संख्या बढ़ने लगी है। बता दें कि सरकार द्वारा हैप्पी कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए पात्रों को रोडवेज की लॉरी में फ्री में सफर करवाने की योजना है। योजना के तहत पात्र की वार्षिक आय एक लाख रुपये या इससे कम होनी चाहिए। ऐसे पात्र व्यक्ति का हैप्पी कार्ड बनाया जाएगा। जिसके आधार पर उसे रोडवेज बसों में एक हजार किलोमीटर तक निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। जिसके बाद जब कार्ड बनकर डिपो में पहुंच जाता है तो लाभार्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाता है। इसके बाद पात्र व्यक्ति संबधित बस अड्डे पर पहुंचकर 50 रुपये की फीस का भुगतान कर कार्ड प्राप्त कर सकता है। विशेष बात यह है कि कार्ड केवल पात्र व्यक्ति को ही दिया जाएगा। इसके लिए उनके मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है, जिसे बताने के बाद ही लाभार्थी को कार्ड मिलता है।

**बस परिसर में बनाए गए हैं छह काउंटर-** योजना के दूसरे चरण में लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। बस अड्डे पर लाभार्थियों की सुविधा के लिए छह काउंटर बनाए गए हैं, प्रत्येक काउंटर पर दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। जिन पर कार्ड लेने वालों की लंबी लाइन लगने लगी है। भीषण गर्मी के बीच लाइन में लगे लोग कार्ड के लिए धक्का-मुक्की करते रहते हैं। सोनीपत खंड में अब तक करीब 15 हजार ने हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन कियाहै। इनमें से 12 हजार 194 लाभार्थियों के कार्ड बनकर डिपो में पहुंच चुके हैं।

# समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास करें अधिकारी: महिपाल

## 2 घंटे तक चले जनता दरबार में 135 से ज्यादा समस्याएं पहुंची

**समाधान**

**लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार प्रातः जिले के गांव बबैल के ग्राम सचिवालय में खुला जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया।

मंत्री ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए। उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। अधिकारी हर समस्या का समाधान निश्चित समय से पहले करने का प्रयास करें ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। जनता दरबार में गांव के 135 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा व उनके निदान करने की मंत्री से अपील की। जनता दरबार में ज्यादा समस्याएं बिजली, पानी ,जमीन, फैमिली आईडी से संबंधित आई।

मंत्री ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद कहा कि जनता दरबार आज समय की मांग है। उनका हमेशा यही ध्यय रहा है कि किसी को किसी प्रकार की समस्या ना हो। मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता ले से ले रही है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक-एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं। मंत्री ने कहा कि जिले में जब भी मौका मिलेगा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करेंगे । आने वाले समय में दो-दो गांव में रोजाना जनता दरबार लगाए जाएंगे। जनता दरबारों का समय 2 घंटे निर्धारित किया गया है लेकिन समस्या ज्यादा आती है तो समय बढ भी सकता है। उन्होंने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है जिले में किसी भी व्यक्ति की कोई भी समस्या हो वह दूर हो। हर आदमी खुशहाल व समृद्ध बने।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की ठोस पहचान बनी है। विदेश में भी आज प्रधानमंत्री के कार्यों की जय जयकार हो रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव है । केंद्र में हरियाणा के तीन-तीन मंत्रियों को स्थान देना इस बात की तरफ संकेत कर ता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को और प्रगतिशील राज्य बनाना चाहते हैं। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उनकी कार्य प्रणाली का पूरी देश दुनिया में डंका बजेगा।

खुले जनता दरबार में समस्या लेकर पहुंचे लोगों का उन्होंने अभिनंदन किया व विश्वास दिलाया कि उनके पास लिखित में जो कागज आया है उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। जनता दरबार में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उन्हें बुके और फूलों की माला पहनाकर उनका जोरदार अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता विनय रावल,पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा , टी एम जसवीर हुड्डा ,एसडीओ सर्वजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रक्तदान दिवस पर रेवाड़ी की दीपा भारद्वाज हुई सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**योगदान**

**रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में अपना योगदान दिया**

कहते हैं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता क्योंकि एक बूंद रक्त की किसी का जीवन बचा सकती है। अंबाला में आयोजित विश्व रक्तदान दिवस पर कार्यक्रम में सभी उन रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में अपना योगदान दिया है। रेवाड़ी के गुरु चौक स्थित मॉडल टाउन निवासी प्रमुख समाज सेवी एवं भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज को 50 बार रक्तदान करने पर अंबाला में आयोजित विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए दीपा भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2002 में उन्हें लायंस क्लब का अध्यक्ष बनाया गया था। अध्यक्ष बनने के बाद किसी अज्ञात व्यक्ति को रक्त की आवश्कता पड़ने पर उन्होंने पहली बार रक्तदान किया था। रक्तदान करने के बाद उस अज्ञात व्यक्ति को नया जीवन मिला साथ ही उनके जीवन में भी परिवर्तन होने लाग और वह पहले से ज्यादा अपने आप को स्वस्थ महसूस करने लगी। तब से आज तक उन्होंने अब तक 50 बार रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में सहयोग किया है। इसके साथ ही अब तक उनके द्वारा कई रक्तदान शिविर भी लगाए जा चुके हैं जिससे उन्हें खुशी मिलती है।

# जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव लिवासपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट होने का मामला सामने आया है। मारपीट में हमलावरों ने पशुधन के साथ-साथ दो-पहिया वाहन के साथ तोड़फोड की। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितो की तलाश कर रही है।

गांव लिवासपुर निवासी प्रीत कुमार ने बताया कि जमीनी बटवारे को लेकर उसने अपने भाई से जमीन मांगी तो उसने कहासुनी करना शुरू कर दिया। उसके बाद गत 13 जून को देर रात करीब 10.30 बजे उसके भाई सुनील ने लोहे की पाइप से उसे पीटना शुरू कर दिया। उसकी बाइक को पाइप से तोड़फोड़ दिया। वही पशुधन के पैर पर हमला कर उसके पैर को तोड़ दिया।

# स्व. लक्ष्मी चन्द ने जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाई: राकेश चुघ

**याद किया**

**हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक एवं व्यापारी नेता वर्गीय लक्ष्मी चन्द गुप्ता की पुण्य तिथि पर किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक एवं जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाने वाले व्यापारी नेता स्वर्गीय लक्ष्मी चन्द गुप्ता की पुण्य तिथि शनिवार को हरियाणा व्यापार मंडल के सनौली रोड शिव चौक के पास कार्यालय में मनाई गई। जिसमें हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं उद्योगपति राकेश चुघ व अन्य व्यापारियों ने स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की फोटो पर पुष्प अर्पित कर-के उनको श्रद्धांजलि दी गई। वहीं जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने व्यापारियों के हित में हरियाणा व्यापार मंडल की स्थापना की। उन्होंने जीवनभर व्यापारियों के हकों की आवाज उठाई और व्यापारियों के हकों के लिये स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता को कई बार जेल भी जाना पडा लेकिन फिर भी व्यापारियों के हकों की आवाज को उठाने में कभी पीछे नहीं हटे। स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता मात्र 9 वर्ष की आयु में आजादी के आंदोलन में कूद पड़े थे। वे बचपन से ही क्रांतिकारी विचारों से परिपूर्ण थे। उन्होंने हिंदी आंदोलन, गो हत्या आंदोलन व माता गुरुद्वारा आंदोलन आदि में भाग लिया। आपातकाल के दौरान भी करीब 19 माह तक जेल में रहे और 1977 में चंडीगढ़ में व्यापारी आंदोलन का नेतृत्व करते हुए गिरफ्तारी दी गई। उनको सेल्स टैक्स बैरियर की समाप्ति, महसूल चुंगी की समाप्ति तथा वैट को लगाए जाने के विरोध में हरियाणा बंद के समय गिरफ्तार किया गया। स्व. लक्ष्मी चन्द गुप्ता के जीवन में व्यापारियों के हित सदैव सर्वोपरि रहे और चाहे उसके लिए उन्हें अपनी ही सरकार के विरुद्ध संघर्ष क्यों न करना पड़ा। हरियाणा में 1966 से लेकर 2004 तक जितनी भी सरकार बनी उनमे लक्ष्मी चन्द गुप्ता की अहम भूमिका रहती थी लेकिन सरकार बनने के बाद उसी सरकार के खिलाफ व्यापारी हितों के लिए मोर्चा खोलकर आंदोलन की राह पकड़ लेते थे।

# नशे में धुत युवक ने की पत्नी की निर्मम हत्या, हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा थाना** के गांव चुलकाना में शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपनी पत्नी की सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी। बेरहम पति खून से लथपथ पत्नी को चारपाई पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। इतना ही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद पति समेत पूरा परिवार मौके से फरार हो गया और मृतका के परिजनों को वारदात की सूचना भी गांव के सरपंच के माध्यम से मिली। मृताका के भाई के ब्यान पर पुलिस ने आरोपी पति ,उसके पिता व दो भाईयों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के शामली जिले के थाना कांधला के गांव इस्सोपुर टील निवासी रूप पुत्र राजकुमार ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि उन्हें उसकी बहन पूजा की मौत की सूचना गांव के सरपंच द्वारा पता चली, जिसके बाद वह अपने परिजनों सहित मौके पर पहुंचे तो देखा पूजा खून से लथपथ मृत



अवस्था में पड़ी हुई थी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पानीपत के

**धरपकड़ जारी**

**पति खून से लथपथ पत्नी को चारपाई पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पति समेत परिवार फरार हो गया**

सामान्य अस्पताल में भिजवाया। उसने बताया कि आठ बहन भाईयों में तीसरे नंबर की उसकी बहन पूजा की शादी करीब 8 साल पहले चुलकाना गांव में की थी, जिसके बाद से ही पति-पत्नी में दहेज को लेकर झगड़े होते रहते थे और पूजा का पति नवीन उर्फ जानी अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवीन ने उनकी बहन की सिर में डंडा मार कर हत्या की है। मृतका के परिजनों ने आरोपी पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस पूरी वारदात में पूजा का पति देवर सास ससुर भी शामिल हैं।

# मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधिक मामलो में वांछित आरोपियो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान 13 जून को इस मामले में सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए पाँच हजार रुपए के ईनामी वांछित आरोपी आर्दश कुमार निवासी प्लाट नम्बर 106 राजीव कालोनी पोलट्री एरिया नीलोखेडी जिला करनाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के




आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में अनुसंधान जारी है।

इस मामले के सम्बन्ध में उप-अधीक्षक केन्द्रीय कारागार अम्बाला डा0 राजीव कुमार ने 05 मई 2021 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 05 मई 2021 को केन्द्रीय कारागार अम्बाला में निरीक्षण के दौरान कैदी बृजपाल, अमृतपाल व कैदी महिला की तलाशी लेने पर उनके पावँ की चप्पलों की जोड़ियों से कुल 68 ग्राम 260 मिलिग्राम हैरोइन बरामद हुई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

## धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल महिला गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना पुलिस ने रुपये दोगुने करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रेवली निवासी किरणपाल ने गत 5 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि एक महिला व दीपांशु निवासी लाल दरवाजा दो साल पहले आए। उसे कहने लगे कि उन्होंने एक कंपनी खोली है।

# नालियों का गंदा पानी बह रहा सड़क पर, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**चुलकाना** रोड पर स्थित शास्त्री कालोनी में फ्लाईओवर के पास सड़को पर बहता नालों का गंदा पानी लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। शनिवार को कालोनी वासियों ने हाथ खडे करके सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों में शामिल सोनू शर्मा, देवेंद्र कुहाड़, संजय घणघस,डब्बू पंजाबी,बिजेंद्र डॉक्टर, रोहित शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, राजा, नरेश शर्मा, ओमप्रकाश डॉक्टर, नीरज, बलवान, राजकुमार फौजी, धर्मवीर कुहाड़ ने बताया कि समालखा से चुलकाना धाम रोड़ पर फ्लाइओवर उतरते ही नाले नालियों की सफाई




न होने से नालियां बिल्कुल बंद पड़ी है। जिससे पानी ओवरफ्लो हो कर सड़क पर बह रहा है। गंदे पानी में मक्खी मच्छर पैदा हो रहे हैं और बीमारियां पनप रही है। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध श्याम बाबा मंदिर चुलकाना धाम में आने जाने का रास्ता भी यही है। जिससे सड़क किनारे गंदा पानी जमा होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती हैं जिससे सड़क हादसा होने का खतरा भी बना रहता है।सड़क पर जमा नालियों का गंदा पानी की वजह से श्री श्याम बाबा के भक्तों के साथ साथ आस पास के लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । कालोनी वासियों ने कहा कि गंदे पानी की निकासी व नालियों की साफ सफाई के लिए शिकायत लेकर नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल के पास भी गए लेकिन

चेयरमैन जबाब देते हैं कि यह हमारे क्षेत्र से बाहर हैं हम वहां सफाई नहीं करा सकते।

सरकार द्वारा मानसून से पहले सभी नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के पुख्ता दावे किए जा रहे हैं,लेकिन समालखा की शास्त्री कालोनी में नालों की सफाई कराने की जिम्मेदारी किसकी है यह किसी को पता नहीं है पीडब्ल्यूडी वालों ने नाला और सड़क बनाई हुई है,लेकिन उसके बाद भी इसकी सफाई की जिम्मेदारी किसकी है। इस बारे में कोई भी अपने ऊपर जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

# अम्बाला पुलिस ने चलाया जागरूकता नशामुक्त भारत अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशानुसार अम्बाला पुसिल द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। अम्बाला पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान 12 जून 2024 से 26 जून 2024 तक अम्बाला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा



रहा है। प्रबन्धक थाना साहा के नेतृत्व में गावँ समलेहडी ग्रामवासियों ने नशे से दूर रहने बारे शपथ ली व अपने आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जोड़ने बारे प्रेरित किया। प्रबन्धक महिला थाना अम्बाला शहर क्षेत्र बस स्टैड अम्बाला, थाना अम्बाला सदर क्षेत्र, थाना नग्गल क्षेत्र के गावँ जनसूई में आमजन को तथा थाना बलदेव नगर क्षेत्र में कर्मचारियो/छात्र/छात्राओं को सम्बन्धित उरोक्त सभी प्रबन्धक थाना ने अपनी टीम सहित नशा मुक्त अभियान द्वारा नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया। इस अभियान में अम्बाला वासी ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर अपनी भागीदार

**पहल**

**विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई**

दर्ज कराकर अम्बाला क्षेत्र को नशामुक्त कराने में अम्बाला पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग दें।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत्त में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत्त में ड़ालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके। युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, पढ़ाई में अपना मन लगाये, अपना व राष्ट्र का भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें।

जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती। युंवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना तथा अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है।

# चोरी का आरोप लगा साथियों संग मिलकर नकदी व मोबाइल छीना

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में चोरी का आरोप लगाकर युवक को गली में ले जाकर उससे हजारों रुपये की नकदी व मोबाइल फोन लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

सुदामा नगर निवासी जगदीश वर्मा ने बताया कि वह लिवासपुर मोड पर गंगा फैक्टरी में काम करता है। करीब रात

**शिकायत दी**

**युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है**

आठ बजे ऑटो में बैठकर मामा-भांजा चौक पर उतरा। उसके बाद वह बस स्टैंड के पास पहुंचा। उसी दौरान उसके पीछे से एक लड़का आया। उसने कहा कि उसकी बहन का पर्स चोरी हो गया है। उसे शक है कि उसने पर्स को चोरी किया है। उसकी बहन गली में खड़ी है। उसके पास चलकर अपनी पहचान करवा दो। वह गली में पहुंचा तो उसी दौरान युवक ने दो लड़कों को बुला लिया। उन्होंने उसकी जेब से दस हजार रुपये की राशि व मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द तीनों युवकों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## न्यूज फ्लैश

### अरबाज खान ने एलन टाउन में शुरू किए गए फैमिली मनोरंजन केंद्र जोरेको का उद्घाटन किया

गुरुग्राम: एलन टाउन सेंटर के सोहना रोड, सेक्टर 67 गुरुग्राम पर नया खुला पारिवारिक मनोरंजन केंद्र जोरेको – ओरिजिनल गेमर्स अपने नवीनतम आउटलेट के साथ गेमिंग अनुभव को नया रूप दे रहा है। उत्साह को और बढ़ाते हुए इसके उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठित बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने भी शिरकत की, जिससे यह कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। नया हब अपने विशाल बनावट और खेलों के बेजोड़ चयन के साथ गुरुग्राम के गेमिंग परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, यह सभी उम्र के गेमर्स के लिए सबसे अच्छा गेमिंग क्षेत्र होने का वादा करता है, जो उनकी विभिन्न रुचियों और जरूरतों को पूरा करता है। यह आउटलेट अत्याधुनिक सुविधाएँ और खेलों का विस्तृत विकल्प प्रदान करता है, मेहमानों को एक रोमांचक और आकर्षक यात्रा प्रदान करके गेमिंग अनुभव को नया रूप देना चाहता है, जो जिसका उन्होंने पहले कभी अनुभव नहीं किया है। एलन टाउन सेंटर में हाई–स्ट्रीट रिटेल, पीवीआर का अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स, स्वादिष्ट फूड कोर्ट, मल्टी–लेवल बेसमेंट पार्किंग के अलावा और भी बहुत कुछ है। सोहना रोड पर स्थित, यह दिल्ली–गुरुग्राम एक्सप्रेसवे और ठल्-248अ के जरिए बेहतर कनेक्टिविटी का दावा करता है। यह कई आवासीय और व्यावसायिक विकास से घिरा हुआ है, जो इसे खरीदारी, भोजन और मनोरंजन के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाता है। एलन टाउन सेंटर में रखे गए अन्य प्रमुख ब्रांडों में कैसल बारबेक्यू, डोमिनोज, खादिम, जियानिस आदि शामिल हैं। जोरेको के खुलने से एलन टाउन सेंटर को पारिवारिक मनोरंजन स्थल के रूप में और मजबूत किया गया है। जोरेको के सीईओ नीरज रहेजा ने कहा, ह्लआज के उत्साही गेमर्स की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए जोरेको – ओरिजिनल गेमर्स नाम हमारी कंपनी की सभी के लिए एक प्रामाणिक और इमर्सिव गेमिंग अनुभव प्रदान करने की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जैसा कि कहा गया है, हमारे नए स्थान पर, हमारा लक्ष्य अपने मूल्यवान मेहमानों को एक अत्याधुनिक गेमिंग अनुभव प्रदान करना है जो उनकी विविध मांगों और प्राथमिकताओं के अनुरूप हो।

### पीएम मोदी का शपथ ग्रहण समारोह राहुल गांधी के मुंह पर तमाचा: रामदास मलिक

**नई दिल्ली:** देशभर में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया पूर कर ली गई है। रविवार की शाम देश को नई सरकार मिल चुकी है। नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ प्रधानमंत्री पद शपथ ली। दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया था तो इधर, राजधानी दिल्ली में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण को लेकर जश्न का माहौल था। दिल्ली में कई जगह भाजपाइयों ने मोदी सरकार 3.ड के गठन पर जमकर जश्न मनाया। सड़कों पर आतिशबाजी की गई, लोगों को मिठाइयां खिलाकर जश्न मनाया गया।
दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता और चुनाव प्रबंधक समिति के संसाधन विभाग के सह प्रमुख व समाजसेवी रामदास मलिक ने कहा कि, भाजपा नेता मलिक ने कहा, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। जो नेता पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में मंत्री बने है उन्हें भी शुभकामनाएं देता हूं। देशवासियों एवं भाजपा के पदाधिकारीगण, पार्टी के कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।
भाजपा नेता मलिक का कहना है कि, पीएम नरेंद्र मोदी ने जब तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली तो राष्ट्रपति भवन की दीवार, मीनार, मेहराब और हर दरवाजे पर कामयाबी का नया इतिहास लिखा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पद के साथ गोपनीयता इसलिए जोड़ा जाता है क्योंकि सरकार चलाते समय कई ऐसी जानकारियां मिलती है। कई ऐसी चचाएं ,कई ऐसे फैसले जिनके बारे में आपको मौन धारण करना पड़ता है या सिर्फ सहीं जगहों पर इनकी चर्चा करना पड़ती है। उन्होंने कहा कि, ये शपथ ग्रहण समारोह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मुंह पर तमाचा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर डीसी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अम्बाला के** डीसी डॉ. शालीन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम अम्बाला शहर के पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित होगा जबकि जिले के 6 ब्लॉक में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में आमजन के साथ-साथ अधिकारी व कर्मचारी भी बढ़-



चढकर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि 19 जून को योग दिवस की फाइनल रिहर्सल होगी जबकि 21 जून को मुख्य कार्यक्रम होगा। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग की तैयारियों की समीक्षा की और आमजन के बैठने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। योग दिवस कार्यक्रम में पंतजलि योगपीठ व भारतीय योग संस्थान का भी सहयोग रहेगा। डीसी डॉ. शालीन ने जिला वासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योग करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि योग व्यायाम का एक प्रभावशाली प्रकार है, जो हमें स्वस्थ बनाता है। इसी को बढ़ावा देने के लिए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत की गई। नियमित योगाभ्यास हमें काफी लाभ देता है। इसलिए हमें प्रतिदिन योग अभ्यास करना चाहिए। डीसी डॉ. शालीन ने अलग-अलग विभागों को योग दिवस के मौके पर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग जिलास्तरीय कार्यक्रम में एक अग्निशमन वाहन तैनात रखे। स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था करे। सभी कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों को तैनात करे और सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था भी दुरुस्त रखे। उपायुक्त ने ब्लॉक स्तर पर सभी एसडीएम को बेहतर तरीके से कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए।
इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम यश जालूका, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश विश्वजीत, संयुक्त आयुक्त अदिति, डीईओ सुरेश कुमार, पीएमओ राकेश सहल, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएसपी रमेश कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, बिजली विभाग के एसई, जिला खेल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण तीन की तैयारियों में गोहाना नगर परिषद

**टीम एक्शन इंडियाा**
**गोहाना (भंवर सिंह)**
**गोहाना नगर परिषद पिछले** दो वर्षों से प्रबंधन पर रहा है। पहले वर्ष गोहाना दूसरे नंबर पर था और पिछले वर्ष हरियाणा में गोहाना पहले स्थान पर रहा था। स्वच्छता सर्वेक्षण थ्री की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा गोहाना को इस बार भी प्रदेश में पहले स्थान पर रखने की कोशिश की जा रही है। स्वच्छता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह तैयारी नगर परिषद की ईओ निशा शर्मा की निगरानी में की जा रही हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम अगले माह गोहाना का निरीक्षण करेगी। निशा शर्मा ने बताया कि ब्यूटीफिकेशन सिटी अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं।



गोहाना को स्वच्छता में पहले नंबर पर बनाए रखने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए घर-घर से कूड़ा लिया जा रहा है। साथ ही लोगों को गंदा किया जा रहा है कि वे गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग डालते हैं। ताकि इसके निष्पादन में आसानी हो सके। सड़कों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर को पहले ही नालामुक्त किया जा चुका है।

## खरखौदा में ट्रैक्टर से टक्कर मार कर महिला की हत्या

**खरखौदा/सोनीपत//सोमपाल सैनी**
**खरखौदा के बिधलान** गाँव के सुनील पुत्र बाल किशन ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि 14 जून की शाम समय करीब साढ़े सात बजे मेरा भाई रवि अपने खेते मे टयूवेल का पानी चला रहा था। जबकि हमारा काफी दिनो से अपने चाचा सुशील से साथ जमीनी विवाद चला हुआ था। जो पहले भी हमारे साथ मेरे चाचा व उसके लडके मोहित ने मारपीट की थी और मेरी माँ कमला का सिर फोड दिया था। उन्होंने बताया कि काफी इंतजार करने के बाद मेरा भाई रवि खेत से नही आया ।उसका इंतजार करके मै व मेरी पत्नी रेखा औ? माँ कमला व मेरी भाभी इन्दू रवि के पास खेत जा रहे थे। जब हम खेत मे जाने वाले पक्के रास्ते मे पहुँचे तो उसी रास्ते से मोहित अपना महिन्द्रा ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और मोहित के ट्रैक्टर के पिछे-2 उसका पिताजी सुशील व उसकी माता बबली आ रहे थे। जिन्होने हमे देखकर एकदम से आवेष मे आकर सुशील कहने लगा मोहित बेटा इन्होने हमारा भट्ठा बेच दिया है। इन्हे आज जिंदा नही छोडना जो सुशील के कहने पर मोहित ने हमारे उपर जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर चढाने लगा तो मै व मेरी पत्नी रेखा व मेरी भाभी इन्दू एकदम साईड मे हो गए। मोहित ने अपना ट्रैक्टर मेरी माँ कमला के उपर चढा दिया और उपरोक्त सभी आरोपी हमे जान से मारने की धमकी देकर मौका से भाग गए। इसी दौरान हमने व्हीकल का इंतजाम करके माँ कमला को घटनास्थल से उठाकर इलाज के लिए पिजीआई ट्रामा सैक्टर रोहतक ले गए। डॉ ने मेरी माँ कमला को मृत घोषित कर दिया। शिकायत कर्ता का कहना है कि उपरोक्त आरोपियों ने साजबाज से मिलीभगत से मेरी माता की हत्या की है व मेरे भाई रवि को चोटें मारी है। फिलहाल उपरोक्त की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी है।

## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया योगा का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: 21 जून को आयोजित** किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा योगा का प्रशिक्षण दिया गया। लघु सचिवालय स्थित हैबीटेट क्लब में आयोजित तीन दिवसीय योगा प्रशिक्षण का शनिवार को समापन किया गया। इस दौरान नगराधीश पूजा कुमारी ने बताया कि 21 जून को जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इसके साथ-साथ सभी खंड स्तर पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगराधीश ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर 19 जून को पायलट रिहर्सल के साथ-साथ मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहरवासी भाग लेंगे और लोगों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल




करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने जिलावासियों का आह्वान किया कि 19 जून को योगा मैराथन और 21 जून को पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लें और संदेश दें कि हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत जरूरी है। शनिवार को आयोजित योग प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, एनसीसी कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ एवं इच्छुक जन-साधारण सहित 630 प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए योग की क्रियाएं का प्रशिक्षण लिया।
इस मौके पर उपायुक्त कार्यालय से पीए एवं सहायक सुनील, आयुष विभाग से डॉ० रजनीश वर्मा, डॉ० अमित सिंह, जिला योग विशेषज्ञ संगीता देवी सहित शिक्षा विभाग और खेल विभाग के सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीआई, पतंजलि योग समिति, लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत एवं योग भारती संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

## जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर व नंगे तार दे रहे है हादसों को निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर के मुख्य** बाजारों व भीड़भाड़ के स्थानों पर जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। शहरवासियों की बार-बार मांग के बावजूद भी बिजली निगम के जिम्मेदारों द्वारा इन्हें ऊंचा उठाना तो दूर इन ट्रांसफार्मरों के चारों और सुरक्षा के लिए जाली तक नहीं लगाई है। आए दिन बेसहरा पशु इनमें फंसकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। ऐसा नहीं की शहरवासियों द्वारा इस समस्या से निजात पाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया, दुकानदारों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा बार-बार ट्रांसफार्मरों को ऊंचा उठाने की मांग की जा चुकी है लेकिन विभाग के




जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश के मौसम में हादसों की ज्यादा आशंका रहती है। बारिश के मौसम में शहर में कई जगहों पर जलभराव के दृश्य सामने आते रहे हैं। इस दौरान करंट फैलने की आशंका भी हर समय रहती है।

**इन स्थानों पर मंडरा रहा हादसों का खतरा**

शहर के सबसे व्यस्त रेलवे रोड पर बाल भवन के नजदीक रखे ट्रांसफार्मर के चारों और दुकानदार भी अपना सामान लगा रहे हैं। इसके अलावा शहर के पुराने डाकघर के पास चबूतरा बनाकर रखे ट्रांसफार्मर के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। इसके अलावा चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क सामने, मौहल्ला वाल्मीकि में मंदिर के पास, मौहल्ला खटीकान, करेलिया बाजार, सब्जी मंडी के पास, आजाद चौक सहित शहर के कई भीड़भाड़ वाले इलाके ऐसे हैं। जहां या तो बिजली के तार खुले पड़े हैं या फिर ट्रांसफार्मर के चारों ओर तारबंदी नहीं की गई है। इसके अलावा ट्रासफार्मर के साथ लगते बिजली के तार भी नंगे है। जिससे हर समय हादसे की आंशका बनी रहती है।

**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

शहर निवासी राजेश, मुकेश, नरेश, विक्रम, सुरेंद्र, राकेश, रमेश, सुरेश, रामनिवास, सोहन आदि ने बताया कि ट्रासफार्मर पर लटके नंगे तार व जमीन से नीचे रखे ट्रॉसफार्मर को लेकर बिजली निगम बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। इसके अलावा बिजली मीटर के लिए लगाए गए बिजली के खुले पैनल बॉक्स खंभों पर इतना नीचे लगाए गए हैं कि बच्चे व किशोरों के साथ ही लावारिस मवेशी इन तक आसानी से पहुंच सकते हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है तथा जिंदगी से हाथ धोना पड़ सकता है। बेसहारा मवेशी कई बार बिजली के खंभों में सटकर खड़े रहते हैं, ऐसे में उनके लिए बिजली के खुले तार जानलेवा साबित हो सकते हैं।

## देश की प्रगति में आईआईएसईआर, मोहाली का योगदान सराहनीय: त्रिपाठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: भारत सरकार** के मानव संसाधन मंत्रालय के अधीन इंडियन इंस्टीच्यूट आफ साईस एज्यूकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) आगामी 19 जून को अपने मोहाली स्थित कैंपस में अकादमिक सत्र 2023–24 के सफल समापन पर 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित करेगा। शनिवार को चंडीगढ़ प्रैस कल्ब में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान आईआईएसईआर के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अनिल के त्रिपाठी ने बताया कि इंडियन नैश्नल साईस ऐकेडमी के अध्यक्ष और भारत सरकार के डिपार्टमेंट आफ साईस एंड टेकनोलोजी (डीएसटी) के पूर्व सचिव प्रोफेसर आशुतोष शर्मा मुख्यातिथि के रुप में शामिल होंगें जबकि आईआईएसईआर मोहाली के बोर्ड आफ गर्वनर के चेयरपर्सन प्रोफेसर जेएस यादव दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगें। कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 स्टूडेंट्स डिग्री प्राप्त करेंगें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्थान में बीएस–एमएस प्रोग्राम के अधीन 1700 स्टूडेंट्स के साथ साथ 475 स्टूडेंट्स पीएचडी कर दीक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कैंपस में ही 900 कमरों के हास्टल्स का भी उद्घाटन किया जायेगा।
प्रेस वार्ता के दौरान प्रोफेसर (डॉ) त्रिपाठी ने संस्थान की उपलब्धियों का वर्णन करते हुये बताया कि गत एक वर्ष में 440 पब्लिकेशन प्रकाशित किये गये हैं जबकि तीन नये पेटेंट फाइल किये गया। विगत के फाईल हुये तीन पेटेंट को मंजूरी प्राप्त हो गई थी। उन्होंने बताया कि संस्थान ने ग्लोबल प्लेटफार्म में देश का नाम रोशन किया है। संस्थान में डिपार्टमेंट आफ बायलोजिकल साईसिस के प्रोफेसर और फैक्लटी एफेयर्स के डीन प्रोफेसर पूणार्नंद गुप्तसरमा को प्रतिष्ठित न्यू यार्क एकेडमी आफ साईसिस और टाटा सन्स द्वारा टाटा ट्रांसफॉर्मेशन पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। यह सम्मान प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में इनोवेटिव सोल्यूशंस विकसित करने में संस्थान के प्रयासों को बढ़ावा देगी।

## गऊ सेवक को एम्बुलेंस के रूप में दान की गाड़ी

**टीम एक्श इंडिया**
**खरखौदा: खरखौदा के वार्ड** 13 के रहने वाले गौरव पुत्र संजय ने एम्बुलेंस के रूप में सुपर कैरी यानी छोटा हाथी की गाड़ी को श्री बाला जी गऊ रक्षक खरखौदा को दान किया है। गऊ रक्षक सुशील महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि वो पिछले 15 वर्षों से निःशुल्क घायल एवं असहाय पशुओं की सेवा करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि खरखौदा के अलावा




हरियाणा सहित कई राज्यों से सूचना मिलने पर भी बीमार, घायल एवं असहाय पशुओं को श्री बाला जी गऊ रक्षक खरखौदा में लाकर उपचार करते हैं।

## लाभार्थी को दी जाती है 31 से 71 हजार रुपए की शगुन राशि: डीसी

### विवाह पंजीकरण उपरांत ही मिलेगा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: हरियाणा सरकार** की ओर से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि जरुरतमंद व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर



पंजीकरण होना आवश्यक है। अम्बाला के डीसी डॉ. शालीन ने जानकारी देते हुए बताया कि जो पात्र परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

## हरियाणा के स्कूली बच्चो मनाली में करेंगे ट्रैकिंग

### 19 से शुरू होंगे साहसिक शिविर, तीन बैच में मनाली जाएंगे छात्र

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: राजकीय स्कूलों के छात्र ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में मनाली की वादियों में ट्रैकिंग के साथ रिवर व वैली क्रासिंग की साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। हिमाचल प्रदेश के मनाली में 19 जून से समर एडवेंचर कैंप शुरू होंगे। प्रदेश भर के स्कूली बच्चे तीन बैच में साहसिक शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति देंगे। हरियाणा स्कूल शिक्षा



परियोजना परिषद की ओर से शनिवार को सभी जिला शिक्षा अधिकारी, सभी जिला प्रोजेक्ट समन्वयक समग्र शिक्षा और बीईओ को पत्र लिखकर राजकीय स्कूलों के नौवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों और शिक्षकों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। मनाली में 19 जून से लेकर 5 जुलाई तक 3 बैचों में समर एडवेंचर कैंप का आयोजन होगा। अहम पहलू यह भी है कि समर एडवेंचर कैंप में मॉडल संस्कृति और आरोही स्कूल के बच्चे भी हिस्सा लेंगे। ग्रीष्मकालीन साहसिक शिविर में विद्यार्थी खेल स्पधाओं के साथ साहसिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेंगे। इनमें प्रमुख रूप से ट्रैकिंग, जिप लाइन, रॉक क्लाइंबिंग, वैली क्रासिंग, रिवर क्रॉसिंग, रैपलिंग, राइफल शूटिंग, पिस्टल शूटिंग, तीरंदाजी, बाधा क्रॉसिंग, पर्वतारोहण का परिचय, प्रकृति और पर्यावरण अध्ययन, हिमालय की संस्कृति और विरासत का अध्ययन, कैंप फायर के तहत सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके साथ ही साहसिक कैंप के लिए आवेदन करने के इच्छुक छात्रों को अपने अभिभावकों से सहमति शपथ-पत्र देना होगा। शिक्षकों और सभी प्रतियोगी छात्रों के लिए मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य रूप से देना होगा।

## चार दिन से लापता युवक का शव नहर से बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल में चार** दिन से लापता 27 वर्षीय युवक का शव गुरूनानकपुरा के पास नहर में बहता हुआ मिला। परिवार के लोगों ने युवक के साथियों पर ही हत्या कर शव को नहर में फेंकने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर दी है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मृतक के परिजन राधेश्याम ने बताया कि बहादुर सिंह करनाल के ज्योति नगर में रहता था, वह अक्सर देर से घर लौटता था। 11 जून की रात को वह घर नहीं लौटा, जिससे उसके परिवार की चिंता बढ़ गई। परिवार ने कई जगहों पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। राधेश्याम ने बताया कि आज स्थानीय लोगों ने गुरूनानकपुरा के पास नहर में एक शव बहता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकाला। शव की पहचान बहादुर के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
बहादुर के भाई ने बताया कि दो लोगों ने मिलकर बहादुर को मारा है। उनका कहना है कि उन्होंने एक आरोपी को पकड़ लिया था और उससे पूछताछ की थी। आरोपी ने कबूल किया कि बहादुर के साथ मारपीट की गई थी और मारपीट के दौरान बहस बाजी हुई थी, जिसके बाद उन्होंने बहादुर की हत्या कर दी और उसके शव को नहर में फेंक दिया।
पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अभी भी फरार है। ये दोनों लोग कौन हैं, इसके बारे में मुझे नहीं पता। परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बहादुर के भाई ने कहा कि हम चाहते हैं कि पुलिस दोषियों को जल्द से जल्द पकडकर कड़ी सजा दे। हमारा परिवार न्याय की उम्मीद में है।

# फिर आतंकी हमलों, कायम हो शांति का उजाला

## संपादकीय

### प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण

**प्रकृति का** प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक-दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां और औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। अनेक जीव, पशु और पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमण्डलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतरराष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है। प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों और वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, "हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।" अथर्वा कहते हैं, "इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें।" ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्रीकृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्रीकृष्ण ने पूछा, "हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं?" पृथ्वी ने उत्तर दिया, "दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे-बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से।" मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय" (पृष्ठ 44) में लिखा है, "प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं, पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।" ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है, "गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।" शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, "अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है (गीता 3.14)।" मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी।

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, "जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था।



ललित गर्ग

"इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं"

**यह आशंका सच** साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे।



मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये।

इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है। पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति ह्यकश्मीरह्न पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब गठबंधन की मोदी सरकार को ही देना है, उसे सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूबों को ढेर करना होगा, पडोसी देश की गर्दन को एक बार फिर मरोड़ना होगा। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखना होगा।

## कविता

पिच-पिच,पिच पिच चली पिचकारी, नाक काट कर धरी हमारी
जनता ने जनमत दे दिया ऐसा, 400 पार की कलई उतारी

बड़ी मुश्किल से राम को लाये, कई लाख दीपक जलवाये
रात अंधेरी सुबह हो गई, पर जनता को पसंद ना आये अवधेश पासी छा गए सबपर, हार गए लल्लू ब्रह्मचारी

आशियानो को तहस नहस कर, एयरपोर्ट, सड़कें बिछवाई
ईवीएम को धोखा देकर, भक्त जनों की करी कुटाई
इनसे कैसे बदला ले हम, पूछ रहे हैं हम चंदन धारी

कोर्ट खरीदा इन्हें हराया, आस्था पर फैसला करवाया
फैसला करने वाले जज को, राज्यसभा का टिकट थमाया उल्टे सीधे खेल तमाशे, मतदाता पर पड़े ना भारी

पीएम जी ने रगड़ा माथा, पूरी की सबकी अभिलाषा
भगवा धोती कुडत पहनकर, मुहूर्त की बदली परिभाषा
दर्शन में भी बंदर बांटकर, बुजुर्ग जनो से की गद्दारी

राक्षसों सुनो कान खोलकर, हम सब का बाइकाट करेंगे तुम्हारी चाय दे और खान-पान का बिल्कुल सेवन नहीं करेंगे पांच साल तक भुगतो सबको, राम लला से की मक्कारी

कलमकार राज

## फादर्स डे: पिता के प्रति विशेष सम्मान

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

फादर्स डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं।

इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खयाल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें। प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान् स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें। प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फरिश्ते ही काफी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें।

जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है। इस धरती पर अरबों आत्माएँ जी रही हैं। उनमें से बहुत से लोग स्वार्थ एवं लापरवाही से भरपूर जीवन जी रहे हैं। बहुत से लोग तो आपे से बाहर जाकर भी अधिकार, शोहरत, सत्ता, मान-प्रतिष्ठा चाहते हैं। इसका अर्थ यह है कि वे लोग प्रभु की विपरीत दिशा में कदम उठा रहे हैं। जबकि प्रभु तो वास्तव में यही चाहते हैं कि हम न केवल उनसे बल्कि सभी इंसानों से एक समान ही प्रेम करें। जो लोग ऐसा करते हैं, केवल वे ही सच्चे मायनों में प्रभु की संतान हैं। फादर्स डे के दिन हम अपने-अपने पिता को सम्मान देने की सोचते हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें प्रभु को भी सम्मान व धन्यवाद देना चाहिए, जोकि हम सबके सच्चे व सर्वोपरि पिता हैं। इसका सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम उनके द्वारा मिली देनों एवं बरकतों को याद करें तथा उनका शुक्रिया अदा करें।

दूसरे, हमें जिस महान् उद्देश्य के लिए यह मानव जन्म मिला है, उसे हम पूरा करें और अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को प्राप्त करें।

आइए, आज के दिन हम लोग अपने शारीरिक पिता को धन्यवाद देने के साथ-साथ पिता-परमेश्वर, जिनसे हमें अपने जीवन के सभी उपहार प्राप्त हुए हैं, का भी दिल से शुक्राना अदा करें।

## विचार

### 'खो खो"-गुमनामी से अंतर्राष्ट्रीय शिखर तक

सुधांशु मित्तल

**पीछा करने** के सदियों पुराने रोमांचक खेल "खो-खो" की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीन काल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। "खो" मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला "खो खो" प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। "खो खो" की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। "खो खो" खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में "खो खो" रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे "रथेरा" कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने "खो-खो" में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और "खो-खो" के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुँचाया था। लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर "खो-खो" को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित "अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल" द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। आधुनिक काल में "खो-खो" खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने "खो-खो" खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। आज "खो-खो" भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर "खो-खो" की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। आजादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में "अखिल भारतीय खो-खो मंडल" की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को आयोजित किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में "खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया" की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वीं एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में "खो-खो" की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे "खो-खो" को अंतर्राष्ट्रीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है। वर्ष 1998 में पहला नेता जी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। 'खो-खो" को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में ह्लइंटरनेशनल खो-खो फेडरेशनह्व का गठन किया गया जिसका हेडक्वार्टर लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### क्या सचमुच अहंकार से आहत है संघ परिवार

**नयी सरकार** बनने के बाद से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने ' अहंकार ' शब्द को लेकर एक अभियान शुरू कर दिया है । संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अपनी ' संघीय भागवत' ' में जो नया अध्याय जोड़ा है उसका नाम है ' अहंकार '। डॉ भगवत की भागवत में ' हाँ ' में ' हाँ ' मिलाने के लिए उनके अवर सह संघ चालक श्रीमान इंद्रेश कुमार जी ने भी 'अहंकार ' को लेकर अपनी व्याख्या दी है। पूरा देश इस भ्रम में है कि क्या ' अहंकार ' को लेकर संघ और भाजपा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के बीच अनबन हो गयी है ?

देश के लोग पिछले दस साल से भाजपा और उसके शीर्ष नेतृत्व के मन में उपज रहे 'अहंकार ' के पौधे को देख रहे है । यह अहंकार अब वटवृक्ष बन गया है। संघ को तो ' अहंकार का ये वटवृक्ष अच्छा लगता है लेकिन देश की जनता को नहीं । देश की जनता ने वर्ष 2024 में जो जनादेश दिया उससे जाहिर है कि जनता ' अहंकार से आहत है। सत्ताधीशों के अहंकार का कदाचित लाभ प्रतिपक्ष को भी मिला है और संघ के असंतोष की यही असली वजह है। संघ चाहता था कि सत्ता का अहंकार भी बना रहे और भाजपा बिना बैशाखियों के सतत चलती रहे लेकिन ऐसा हो नहीं सका। देश का विपक्ष ' अहंकार ' के इस मुद्दे को अपना हथियार बनाये इससे पहले ही संघ ने खुद इस मुद्दे को अपने हाथ में ले लिया ताकि भाजपा की लंगड़ी -लूली सरकार के सामने ' अहंकार ' कोई मुद्दा न बन जाए। जनता समझे कि संघ अब खुद ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ हो गयी है ,जबकि हकीकत ये नहीं है । संघ और भाजपा में कोई अनबन नहीं है । ये दोनों एक-दूसरे के बिना एक पल जीवित नहीं रह सकते। हाँ इतना अवश्य है कि संघ परिवार ने मोदी परिवार का मुखौटा लगाकर एक बड़ी भूल कर दी। मोदी परिवार की अवधारणा साधारण संघियों की समझ में नहीं आयी। उन्हें लगा कि मोदी जी संघ परिवार को हड़प रहे हैं ,इसलिए वे आम चुनाव में जहाँ -तहाँ पीछे हट गए और इसका खमियाजा संघ और भाजपा को उठाना पड़ा।

यदि आप गौर करें तो पाएंगे कि संघ और भाजपा का नेतृत्व इस समय जो पीढ़ी कर रही है वो खुद स्वभाव से 'अहंकारी ' है। डॉ भागवत और मोदी जी ही नहीं बल्कि इंद्रेश कुमार भी आक्रामकता के लिए जाने जाते है।

### 2024 का जनादेश:मायने अनेक

संजय सक्सेना

लोकसभा चुनाव का शोर थम गया है। अब नतीजों की समीक्षा का दौर है। सभी दलों के नेता अपनी-अपनी खामियां और खूबियों का आकलन कर रहे हैं। मगर आम आदमी के नजरिये से देखा जाए तो यह चुनाव कई मायनों में निचले से निचले स्तर पर जाता दिखा.तमाम दलों के नेता उनके समर्थक बार बार अपनी जुबान से जहर उगलते रहे। जाति,धर्म,राम मंदिर,आरक्षण,मुस्लिम आरक्षण,संविधान, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,ईवीएम, किसान से लेकर वो जिहाद,मंगलसूत्र, मुजरा, कानून व्यवस्था,बाहुबली, मिट्टी में मिल गये माफिया, मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सब छाये रहे. एनडीए सरकार की सभी योजनाओं में से प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज सबसे प्रभावी और दूरगामी प्रतीत हुआ। जाति या समुदाय से इतर दूरदराज के इलाकों में जितने भी लोगों से बात हुई, उनमें से अधिकांश ने माना कि उन्हें मुफ्त अनाज मिला है। जरूरतमंदों ने इसके लिए सरकार की खूब सराहना की। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास,आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का फायदा उठाने वाला एक बड़ा वर्ग बीजेपी की हौसला अफजाई करता रहा। गुलाम कश्मीर, पाकिस्तान और चीन की भी खूब बात हुई।

जीवन और आजीविका के रोजमर्रा के संघर्ष-रोटी-कपड़ा और रोजगार पूर्वी और पश्चिमी यूपी में हर किसी चुनावी चर्चा का अभिन्न अंग तो रहे, लेकिन चुनावी चर्चा में जाति और समुदाय की केंद्रीयता ज्यादा बनी रही।मोटे तौर पर भाजपा के सामाजिक गठबंधन (उच्च जातियां $ पटेल, निषाद और अन्य जैसे गैर-यादव ओबीसी) और समाजवादी पार्टी (यादव $ मुस्लिम) बरकरार हैं। वहीं बसपा अपने दलित कोर वोटरों पर ध्यान केंद्रित करें रही। कई नेताओं ने इधर से उधर पल भी बदला। पूरे देश की तरह उत्तर प्रदेश में पूरी चुनावी बहसों के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नजर आए। यहाँ तक कि कई जगह तो भाजपा उम्मीदवार के नाम तक की चर्चा भी नहीं देखने को मिली। ऐसा लग रहा था जैसे नेताओं के सामने पार्टी गौण हो गई थी।यह नजरा बीजेपी,कांग्रेस ही नहीं सभी दलों में देखने को मिला।

# भीषण जल संकट पर आप की बैठक

● आतिशी बोलीं- हमने हरियाणा से पानी देने की अपील की, चंडीगढ़ में अधिकारी करेंगे बातचीत

**समीक्षा की गई**

**आतिशी ने आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर समीक्षा की गई**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी का संकट गहराता जा रहा है। कई इलाकों में दिल्लीवासियों को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर समीक्षा की गई। इसमें दिल्ली जलबोर्ड के बड़े अधिकारी शामिल थे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की कमी बरकरार है। दिल्ली में पानी की सप्लाई में लगातार कमी बनी हुई है। वजीराबाद तालाब में पानी खत्म हो गया है। मुनक नहर में भी पानी की कमी चल रही है। पानी की कमी के चलते वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भी पानी का कम प्रोडक्शन हो रहा है। दिल्ली में करीब 70 एमजीडी पानी का उत्पादन कम हो रहा है।

बवाना, नांगलोई में बोरवेल के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है। टैंकर की ट्रिप्स बढ़ाई गई है। 10 एमजीडी पानी टैंकर के जरिए मुहैया कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में टैंकर की संख्या बढ़ाई जाएगी।

यमुना अपर बोर्ड की बैठक में कोई समाधान नहीं निकला है। आतिशी ने आगे कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री से भी बात हुई है। उन्होंने कहा की जो संभव होगा वो मदद करेंगे। अभी कुछ डॉक्यूमेंट अपर यमुना बोर्ड को हिमाचल ने देने है। हमने हरियाणा से कहा की थोड़ा पानी अगर वो दे सकते हैं तो बेहतर होगा। कल दिल्ली के सरकार के अधिकारी चंडीगढ़ जाकर इस मुद्दे पर बात करेंगे।

## आआपा विधायकों ने जल संकट से राहत दिलाने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली को जल संकट से तत्काल राहत दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी(आआपा) के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा है। इसमें विधायकों ने कहा है कि दिल्ली को जल संकट से उबारने के लिए दिल्ली सरकार हर प्रयास कर रही है, लेकिन यमुना में पानी की उपलब्धता कम होने के चलते दिल्ली की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। विधायकों ने कहा कि यह पूरा मामला हरियाणा, हिमाचल, दिल्ली और उप्र के बीच का है। अगर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी उठा लें तो दिल्ली को जल संकट से उबारा जा सकता है। आआपा विधायकों ने सीआर पाटिल से रविवार को मिलने का समय भी मांगा है, ताकि वो उनके सामने पूरा मामला रख सकें। आआपा विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सीआर पाटिल इस मामले में दखल देकर दिल्ली को जल्द राहत दिलाएंगे। उन्होंने पानी के मुद्दे पर राजनीति कर रहे विपक्ष के नेताओं को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस पर राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आआपा विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को पत्र लिखकर जल संकट मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने की मांग की है। क्योंकि दिल्ली में मौजूदा परिस्थितियां बहुत गंभीर हैं।

# बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ी



**मारपीट**

**बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ा दी है। बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 14 जून को हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। हाई कोर्ट बिभव की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 01 जुलाई को करेगा। तीस हजारी कोर्ट ने 07 जून को बिभव कुमार की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलोदिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं।

# हिंदी के लिए गौरव पांडेय को युवा, देवेन्द्र कुमार को बाल साहित्य पुरस्कार

**साहित्य अकादमी**

**पृथ्वी' को और बाल साहित्य पुरस्कार देवेन्द्र कुमार की पुस्तक इक्यावन बाल कहानियां' को प्रदान किया जाएगा**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साहित्य अकादमी ने शनिवार को वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी। इनमें 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार गौरव पांडेय के कविता संग्रह 'स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी' को और बाल साहित्य पुरस्कार देवेन्द्र कुमार की पुस्तक इक्यावन बाल कहानियां' को प्रदान किया जाएगा। संस्कृत भाषा का युवा पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवासराव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार अनुमोदित किए गए।

# यूपीएससी के परीक्षार्थियों के लिए सुबह छह बजे से चलेगी मेट्रो ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** यूपीएससी की आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों के लिए दिल्ली मेट्रो ने समय में किया बदलाव किया है। फेज तीन की सभी लाइनों पर ट्रेन सेवाएं रविवार को सुबह 6 बजे से उपलब्ध होंगी। डीएमआरसी के प्रमुख कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार) अनुज दयाल ने बताया कि यह व्यवस्था यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए की जा रही है। फेज तीन सेक्शन में दिलशाद गार्डन-शहीद स्थल, नोएडा सिटी सेंटर-नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी, मुंडका-ब्रिगेडियर होशियार सिंह, बदरपुर बॉर्डर-राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़), मजलिस पार्क-शिव विहार, जनकपुरी पश्चिम-बॉटनिकल गार्डन और ढांसा बस स्टैंड-द्वारका के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

# दिल्ली सरकार के खिलाफ आक्रमक हुई कांग्रेस



**प्रदर्शन**

**दिल्ली सरकार और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'मटका फोड़' विरोध प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'मटका फोड़' विरोध प्रदर्शन किया। एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने एएनआई को बताया कि पानी के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा है।

**गूंगी-बहरी सरकार को जगाने के लिए प्रदर्शन-कांग्रेस**

गरीब लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। सरकारें आरोप-प्रत्यारोप का खेल, खेल रही हैं। पहले से पानी की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? वे राजनीति करने में व्यस्त थे। गूंगी-बहरी सरकार को जगाने के लिए दिल्ली में 'मटका फोड़' विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने टैंकर माफिया के साथ मिलीभगत की है। कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि दिल्ली के हर कोने में 'मटका' फोड़ा जाएगा और सोई हुई सरकार को जगाया जाएगा। एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि आप और बीजेपी को आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ लीकेज पर ध्यान दिया जाता तो आज यह स्थिति नहीं होती। उनकी राजनीति गरीबों को पानी से भी वंचित कर रही है। यह बहुत दुखद बात है। इस बीच, आप नेता आतिशी ने गुरुवार को पुष्टि की कि सरकार पानी की बबार्दी रोकने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। आतिशी ने दिल्ली के लोगों से पानी की बबार्दी को यथासंभव कम करने की भी अपील की, क्योंकि भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण राष्ट्रीय राजधानी जल संकट से जूझ रही है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना नदी के पानी के बंटवारे का मुद्दा जटिल और संवेदनशील है और इस अदालत के पास विशेषज्ञता नहीं है और दिल्ली की अतिरिक्त पानी की मांग पर निर्णय लेने के लिए मामले को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) पर छोड़ दिया।

# यलो लाइन पर चलने वाली पहली और अंतिम ट्रेन के समय में होगा बदलाव



**समय में बदलाव**

**काम को देखते हुए 16 और 17 जून को अंतिम और पहली ट्रेन के समय में मामूली बदलाव होगा**


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली फेस-4 के जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम कॉरिडोर के 490 मीटर खंड पर चल रहे काम को देखते हुए 16 और 17 जून को अंतिम और पहली ट्रेन के समय में मामूली बदलाव होगा। ये ट्रेनें यलो लाइन (समयपुर बादली) पर चलने वाली होंगी। रविवार 16 जून को आखिरी ट्रेन समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम के लिए रात 11:00 बजे के बजाय रात 10:45 बजे और मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम से रात 11:00 बजे के बजाय रात 09:30 बजे प्रस्थान करेगी। सोमवार 17 जून को पहली ट्रेन सुबह छह बजे के बजाय सुबह सात बजे समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं, समयपुर बादली और जहांगिरपुरी के बीच 16 जून को रात 11 बजे के बाद और 17 जून की सुबह सात बजे के पहले कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, इस अवधि के दौरान जहांगीरपुरी से मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम तक यलो लाइन के शेष प्रमुख खंड पर सामान्य ट्रेन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट को हटाएं: हाईकोर्ट

**सनसनी मचाई**

**वेकेशन बेंच ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा सनसनी मचाई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को निर्देश दिया है कि पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट किए गए अपमानजनक ट्वीट को हटाएं। जस्टिस नीना कृष्णा बंसल की वेकेशन बेंच ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा सनसनी मचाई। कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन इसके लिए सच्चाई का सामने आना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया कांग्रेस नेताओं के ट्वीट ने न केवल रजत शर्मा की छवि को खराब करने की कोशिश की है बल्कि कांग्रेस नेताओं के ट्वीट के जरिये याचिकाकर्ता की छवि आगे भी खराब की जाएगी। ऐसे में कांग्रेस नेता पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट किए गए ट्वीट को हटाएं। हाई कोर्ट रजत शर्मा की ओर से दाखिल याचिका में कांग्रेस नेताओं से मुआवजे की मांग पर आगे भी सुनवाई जारी रखेगा। पत्रकार रजत शर्मा ने 4 जून को न्यूज चैनल पर शो के दौरान कथित रूप से कांग्रेस नेता रागिनी नायक को गाली देने के मामले में कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। रागिनी नायक, जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने अपने ट्विटर हैंडल पर रजत शर्मा पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने शो के दौरान रागिनी नायक को गाली दी। रजत शर्मा ने इन आरोपों को मानहानि वाला बताते हुए इन नेताओं के ट्वीट हटाने की अंतरिम मांग की थी। रजत शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा था कि रजत शर्मा का शो 4 जून का था जबकि रागिनी नायक ने 10 जून को ट्वीट करते हुए रजत शर्मा पर आरोप लगाया था कि उन्होंने ऑन एयर रागिनी नायक को गाली दी। 4 जून का शो 2024 के लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान का था। अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि 6 दिन बाद रागिनी नायक ने जानबूझकर रजत शर्मा के खिलाफ उन्हें बदनाम करने के लिए ट्वीट किया। उस ट्वीट को कांग्रेस नेताओं ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया। ऐसा कर रागिनी नायक और दोनों कांग्रेस नेताओं ने रजत शर्मा को बदनाम करने की कोशिश की। मनिंदर सिंह ने कहा कि रजत शर्मा पिछले 40 सालों से पत्रकारिता में हैं और वे अपने सभ्य व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने टीवी स्क्रीन पर कभी भी किसी से चिल्लाकर भी बात नहीं की। कांग्रेस नेता रागिनी नायक को भी छह दिन बाद तब पता चला, जब उनके किसी फॉलोवर ने उसे सुना होगा।

# पत्नी से बात करने पर चचेरे भाई को चाकू से गोदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ज्योति नगर इलाके में पत्नी से बात करने पर युवक ने अपने चचेरे भाई को चाकू से गोद दिया। सीने और पीठ पर चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। 33 साल का पीड़ित ज्योति नगर इलाके में रहता है और निजी कंपनी में काम करता है। वह जिस मकान में रहता है, उसी मकान में उनके चाचा, दो चचेरे भाई, और एक चचेरे भाई की पत्नी रहती हैं। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि छह माह पहले चचेरे भाई ने उसे छत पर रोक लिया। उसने बताया कि आसपास के लोग उसकी पत्नी के साथ संबंध होने की बात कह रहे हैं। पीड़ित ने चचेरे भाई को डांटा और कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। पीड़ित ने बताया कि 12 जून की सुबह वह छत से नीचे आ रहा था, तभी चचेरे भाई ने रोका और कहने लगा कि तुम्हारी वजह से हमारी पत्नी घर छोड़कर चली गई है। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा होने लगा। इसी दौरान आरोपी ने चाकू निकाल लिया और पीड़ित के पीठ पर हमला कर दिया। वह घायल अवस्था में चाचा के पास पहुंचा, उन्हें सारी बात बताई। चाचा ने उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी घर से फरार हो गया है।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाएं केजरीवाल की सुनवाई का वीडियो



**आदेश**

**वीडियो में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल कोर्ट को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने शनिवार को आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया। वीडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल कोर्ट को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और अमित शर्मा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सोशल मीडिया एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था), मेटा और यूट्यूब सहित छह लोगों को नोटिस भेजा है। दरअसल, वीडियो तब का है जब केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था और केजरीवाल ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा था। कोर्ट ने मामले में छह लोगों को पोस्ट हटाने का निर्देश दिया और सोशल मीडिया कंपनियों को उस दिन रिकॉर्ड किए गए वीडियो के संबंध में किसी भी अन्य पोस्ट या रीपोस्ट को हटाने का भी निर्देश दिया है।

# दिल्ली जाने वाला पानी पानीपत में हो रहा चोरी, जल माफिया ने लगाई सेंध



**पानी की चोरी**

**टैंकर संचालक खेतों के रास्ते कहीं खुले में तो कहीं सड़क के नीचे से पाइप नहर में डालकर सेंधमारी की जा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हरियाणा सरकार तो दिल्ली के लिए नियमानुसार पर्याप्त पानी सप्लाई दे रही है, लेकिन दिल्ली सरकार की ओर से हरियाणा पर कम पानी आपूर्ति देने का आरोप लगाया जा रहा। हरियाणा से दिल्ली को जाने वाला पानी बीच रास्ते में चोरी हो रहा है। फैक्ट्रियों और भवन निर्माताओं को जलापूर्ति देने वाले टैंकर संचालक इस पानी की चोरी कर रहे हैं। टैंकर संचालक खेतों के रास्ते कहीं खुले में तो कहीं सड़क के नीचे से पाइप नहर में डालकर सेंधमारी की जा रही है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारी पानी की नहर से सेंधमारी पर अनजान बने हुए हैं। दिल्ली को पानी की सप्लाई देने वाली मूनक नहर क्षेत्र का दौरा किया तो कई जगह पानी निकालने के लिए नहर में पाइप लगे दिखाई दिए। दावा यह भी किया जा रहा है कि सिंचाई विभाग की विशेष टीमें नहर की पटरी पर गश्त करती है। इसके बावजूद मूनक नहर पर कई जगह पानी के पाइप नहर में डले दिखाई दिए। इनसे मोटर के माध्यम से पानी को फैक्ट्रियों में सप्लाई किया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मूनक नहर पर करनाल क्षेत्र में तो टैंकर के माध्यम से और पानीपत क्षेत्र में व खुबड़ू से आगे माइनर से पाइप के माध्यम से रात में भी पानी चोरी किया जाता है। करनाल से पानीपत की तरफ मूनक नहर के नजदीक कई बजरी प्लांट हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इनमें भी अवैध तरीके से नहर से पानी ले जाया जाता है। मूनक हेड पर तार बाबू का पद रिक्त चल रहा है। ऐसे में निगरानी न होने के कारण भी आसानी से पानी की चोरी होती है।

**बिना अनुमति नहीं निकाल सकते पानी:** किसी भी नहर से पानी निकालने के लिए सिंचाई विभाग से प्रशासनिक अनुमति लेना जरूरी है। बिना अनुमति के नहर से कोई भी पानी नहीं निकाल सकता। पाइप लगाकर मोटर से या टैंकर भरने की स्थिति को पानी की चोरी माना जाता है। विकास कार्यों के लिए भी पीडब्ल्यूडी व अन्य सरकारी विभाग, ठेकेदार या एजेंसी बिना अनुमति के पानी नहीं निकाल सकतीं।

**वाटर चार्ज या चोरी पर जुर्माने का प्रावधान:** नहर के किनारे को नीचे से खोखला करना, पाइप लगाकर पानी निकालना चोरी की श्रेणी में आता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि सरकारी कार्य या विकास कार्य के लिए कोई विभाग या ठेकेदार नहर का पानी लेता है तो उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अनुमति लेनी होती है। इसके लिए उसे वाटर चार्ज सरकार की निर्धारित दरों के हिसाब से जमा कराना होता है। यदि बिना अनुमति पानी निकालते हैं तो जुमार्ने का भी प्रावधान है। सिंचाई विभाग के करनाल क्षेत्र के एसडीओ रविंद्र ने बताया कि मूनक हेड के करनाल क्षेत्र में अभी तक पानी चोरी का कोई मामला सामने नहीं आया है।

## फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत



**एजेंसी**
**मनीला।** मध्य फिलीपींस के नेग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांत में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गये। बैकोलोड सिटी आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख मारिया लार्नी पोर्नन ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार शाम करीब 05:40 बजे तब हुई, जब सरकारी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस में चालक सहित 36 लोग सवार थे। इनमें से एक महिला (40) की मौत हो गयी और 34 लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें 11 लोगों की हालत गंभीर बतायी गयी है।

## रामफोसा दोबारा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोंडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में श्री रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में श्री रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।



## घाना में नाव पलटने से तीन लोग लापता

**अकरा।** घाना के पूर्वी ओटी क्षेत्र में नाव के पलट जाने के बाद से तीन लोग लापता होने की घटना सामने आयाी है जिनका पता लगाने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन के ओटी क्षेत्रीय निदेशक एडवर्ड कुमाह ने बताया कि मंगलवार की देर रात एक द्वीप समुदाय नजारे के 10 लोगों को ले जा रही नाव तूफान में फंसकर नाव पलट गयी।

## पापुआ न्यू गिनी ने राहत सहायता भेजने पर भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया। उच्चायुक्त इनबासेकर एस. ने राहत सामग्री श्री तकाचेंको को सौंपी, जिन्होंने समय पर मदद के लिए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को बधाई दी। राहत सामग्री जल्द ही वाबाग भेजी जाएगी। विश्वबंधु सक्रिय हैं। विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, डॉ. जयशंकर और भारत के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ÷श्री मोदी, डॉ. जयशंकर, पापुआ न्यू गिनी में भारतीय उच्चायोग और भारत के लोगों को धन्यवाद। हम सुनिश्चित करेंगे कि भूस्खलन से तबाह हुए मैप मुलीताका क्षेत्र, एंगा प्रांत के लिए भारत की 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता हमारे लोगों तक पहुंचे। भारत को दिल की गहराइयों से धन्यवाद। भारत ने भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को टेंट, पानी के टैंक, स्वच्छता किट, खाने के लिए तैयार भोजन और दवाइयों सहित 19 टन राहत सामग्री भेजी। सहायता में आपातकालीन उपयोग की दवा, डेंगू और मलेरिया निदान किट सहित चिकित्सा उपकरण, शिशु आहार आदि भी शामिल हैं। पापुआ न्यू गिनी के एंगा क्षेत्र में 24 मई को भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए।

# मोदी ने मेलोनी और किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की तथा जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ से भी मुलाकात की।

सुश्री मेलोनी के साथ अपनी बैठक के बारे में श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए भारत को आमंत्रित करने और शानदार व्यवस्थाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने वाणिज्य, ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्रों में भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश जैव ईंधन, खाद्य प्रसंस्करण और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सुश्री मेलोनी ने श्री मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और शिखर सम्मेलन के सफल समापन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने नियमित उच्च राजनीतिक संवाद पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क पर सहयोग के लिए हाल ही में औद्योगिक संपत्ति अधिकार (आईपीआर) पर एमओयू पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया। उन्होंने इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया। श्री मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली के अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। बयान में कहा गया कि 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' के तहत समन्वय को ध्यान में रखते हुए दोनों नेताओं ने ऊर्जा संक्रमण में सहयोग के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 2025-27 के लिए सहयोग के नये कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों और बहुपक्षीय पहलों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।






## पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में 02 आतंकवादी मारे गए

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गए, जिनमें से एक पहले से ही पुलिस हिरासत में था। पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी। सीटीडी ने बताया कि मुठभेड़ प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई। सीटीडी के मुताबिक पुलिस ने जांच प्रक्रिया के दौरान बंदी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर एक ठिकाने पर छापा मारा। बयान में कहा गया, 'सीटीडी जांच दल अभियान दल के साथ मिलकर आरोपी को उसके साथियों के ठिकाने पर लेकर गया, जहां वे पहले से ही उसके साथी सतर्क थे और उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।' विभाग ने कहा कि सीटीडी कर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाली और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान दोनों ओर से लगभग 25 से 30 मिनट तक गोलीबारी हुयी। गोलीबारी में एक आतंकवादी और बंदी मारे गए। शेष आतंकवादी घटनास्थल से भाग गए और पुलिस ने ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।




## मोदी जी7 शिखर सम्मेलन समापन के बाद भारत के लिए रवाना हुए

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की सफल यात्रा के बाद आज भारत के लिए रवाना हो गए, इस दौरान उन्होंने आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी रहा। विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने के साथ ही इटली की सफल यात्रा संपन्न हुई। इस यात्रा में जी7 मंच के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य भाग लेने वाले नेताओं के साथ जी7 में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया है।भू-मालिक को स्वयं सत्यापित शपथ पत्र देना होगा, जिससे उन्हें संपत्ति बेचने का अधिकार मिल जाएगा, इस तरह की 6,85,000 संपत्तियों को लाभ मिलेगा।



## मोदी ने बाइडेन सहित दुनिया के विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों से की मुलाकात

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा से मुलाकात की।

श्री मोदी ने एक्स पर कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के साथ गर्मजोशी से बात करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ अपनी बैठक को उन्होंने पोस्ट किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है। भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

संरा महासचिव के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने पोस्ट किया, इटली में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने एक्स पर ब्राजील के राष्ट्रपति, यूएई के राष्ट्रपति और तुर्की के राष्ट्रपति के साथ एक समूह में बातचीत की तस्वीरें भी पोस्ट की है और लिखा, इटली में बातचीत जारी है...राष्ट्रपति लूला, राष्ट्रपति एर्दोगन और महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ सुखद बातचीत। उन्होंने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वद्व से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान किंग अब्दुल्ला द्वद्व से मुलाकात की। भारत जॉर्डन के साथ मजबूत संबंधों को महत्व देता है।





## मोदी ने जी7 सम्मेलन से इतर पोप से की मुलाकात, गर्मजोशी से गले मिले

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी7 से इतर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की और इस दौरान वे पोप के साथ गर्मजोशी से गले मिले तथा पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा करता हूं। साथ ही उन्हें भारत आने का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि पोप स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण व्हीलचेयर का उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोप से मुलाकात के दौरान की कुछ तस्वीरें साझा की है, जिसमें पोप मुस्कुराते हुए श्री मोदी का अभिवादन कर रहे हैं और भारतीय प्रधानमंत्री से गले मिलने के लिए अपनी बाहें आगे बढ़ाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद दोनों ने गर्मजोशी से गले मिले। श्री मोदी की पोप से यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले श्री मोदी ने अक्टूबर 2021 में वेटिकन के अपोस्टोलिक पैलेस में एक निजी कार्यक्रम के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी।



## शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने का दिया न्योता

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने बृहस्पतिवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक सूत्र के हवाले से खबर में कहा गया है कि जेयूआई-एफ नेता को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने और देश में व्याप्त राजनीतिक गतिरोध को दूर करने के लिए प्रस्तावित समिति में भूमिका निभाने को कहा गया है।

# तकनीक का लाभ मानव के सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए हो : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के मानव केन्द्रित विकास पर बल देते हुए आज कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि टेक्नोलॉजी का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे, समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे,सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद करे,और मानवीय शक्तियों को सीमित करने की बजाय उनका विस्तार करे।

श्री मोदी ने यहां जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर आउटरीच सत्र को संबोधित किया। उन्होंने समूह को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव जाति के इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दोबारा चुने जाने के बाद शिखर सम्मेलन में भाग लेना उनके लिए बहुत संतुष्टि की बात है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को सफल बनाने के लिए इसे मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित होना होगा। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी टेक्नोलॉजी की सदी है। मानव जीवन का शायद ही कोई ऐसा पहलु होगा जो टेक्नोलॉजी के प्रभाव से वंचित हो।एक तरफ जहाँ टेक्नोलॉजी मनुष्य को चाँद तक ले जाने का साहस देती है, वहीं दूसरी ओर साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियां भी पैदा करती है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि टेक्नोलॉजी का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे,समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे,सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद करे,और मानवीय शक्तियों को सीमित करने की बजाय उनका विस्तार करे। यह केवल हमारी अभिलाषा नहीं, हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें टेक्नोलॉजी में एकाधिकार को सर्वाधिकार में बदलना होगा। हमें टेक्नोलॉजी को संहारक नहीं सृजनात्मक रूप देना होगा। तभी हम एक समावेशी समाज की नींव रख सकेंगे। भारत अपनी इस मानव केन्द्रित भावना के जरिए एक बेहतर भविष्य के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा संकल्प है। हमारी प्रतिबद्धता है कि समाज का कोई भी वर्ग देश की विकास यात्रा में पीछे न छूटे। यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में भारत राष्ट्रीय रणनीति बनाने वाले पहले कुछ देशों में शामिल है। इसी रणनीति के आधार पर हमने इस वर्ष एआई मिशन लॉन्च किया है जिसका मूल मंत्र है एआई फॉर ऑल। एआई के लिए वैश्विक साझीदारी के संस्थापक सदस्य और नेतृत्वकर्ता के रूप में हम सभी देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले वर्ष भारत की मेज़बानी में की गई जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्थापन के महत्व पर बल दिया। भविष्य में भी एआई को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदाराना बनाने के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।



## मोदी ने यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति का रास्ता अख्तियार करने की दी सलाह

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये।

यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर श्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, ÷राष्ट्रपति श्री ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। जारी शत्रुता के संबंध में दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से है।

श्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच रक्षा संबंध और मजबूत करने पर विचार विमर्श किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने श्री मोदी को लोकसभा चुनावों में पुनः जीत हासिल करने के लिए बधाई दी।

श्री मोदी ने 'एक्स'पर लिखा, ÷इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना सुखद रहा। मैंने राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात की।÷

इससे पहले श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कीकड़ी होता है, कार्यकर्ता ही नेता बनाता है, हम सबको मिल-जुलकर रहना है काम करना है हमारी यहीं ताकत और जनता का आशीर्वाद झूठ पर टिकी भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी।



### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत, इस वर्ष 10.8 लाख से अधिक लोग हो सकते हैं प्रभावित

**एजेंसी**
**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10.8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।



# मोदी और मैक्रों रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

**एजेंसी**
**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में श्री मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने 'क्षितिज 2047' रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। चर्चाओं में रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय संग्रहालय साझीदारी जैसी सांस्कृतिक पहल और लोगों से लोगों के संबंधों को बढ़ाने में सहयोग शामिल था। वे 'मेक इन इंडिया' पर अधिक ध्यान देने के साथ रणनीतिक रक्षा सहयोग को और तेज करने पर सहमत हुए। दोनों नेता 2025 में फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी एआई शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के संदर्भ में मिलकर काम करते हुए एआई, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा और खेल के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करने पर भी सहमत हुए। दोनों नेताओं ने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच मजबूत और भरोसेमंद रणनीतिक साझीदारी एक स्थिर और समृद्ध वैश्विक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है तथा इसे और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने आगामी पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए श्री मैक्रों को शुभकामनाएं दीं।



# धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेने से मनुष्य को मिलती है आत्मिक शांति : राजेश भाटिया

**वार्षिकोत्सव**

**सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महावीर दल एनआईटी का वार्षिकोत्सव मनाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महावीर दल एनआईटी मार्किट नंबर-एक का 66वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बालाजी महाराज की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने



शिरकत की और ज्योत प्रचण्ड की। धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया व अन्य सदस्यों ने विजय प्रताप का कार्यक्रम में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने कहा कि मनुष्य को अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में से परमात्मा की अराधना के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए क्योंकि परमात्मा की पूजा अर्चना करने से मनुष्य को शारीरिक व आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर उन्हें बेहद अच्छा महसूस हो रहा है, इस मंदिर में समय-समय पर इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित रहते है, जिसके लिए वह मंदिर कमेटी के प्रधान राजेश भाटिया व उनकी टीम की जमकर सराहना करते है। विजय प्रताप ने बालाजी महाराज से समाज में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। शनिवार को कार्यक्रम की शुरूआत हवन के साथ हुई, जिसमें किशन खन्ना सहित प्रधान राजेश भाटिया व अन्य गणमान्य लोगों ने आहुति डाली। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि मंदिर के 66वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित शहर के गणमान्य लोगों ने इसमें हिस्सा लिया, जिसके लिए वह सभी का आभार जताते है। उन्होंने बताया कि आज रात्रि को भी धार्मिक अनुष्ठान जारी रहेगा और कार्यक्रम में बन्नूवाल वेलफेयर एसो. के राकेश भाटिया चौकी की ज्योत प्रचण्ड करेंगे।

# मानसून के 15 दिन बचे, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई तैयारी नहीं की: करणवीर लोट

**प्रशासन को घेरा**

***पिछले हुई बाढ़ की तबाही से बीजेपी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया: करणवीर लोट***

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष करणवीर लोट ने बाढ़ के रोकने के इंतजामों को लेकर सरकार और प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा कि अंबाला समेत हरियाणा के कई जिलों में पिछले साल बाढ़ आई, जिसमें हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई और मकान डूब गए। जिसमें जान और माल दोनों का नुकसान हुआ। लेकिन इतनी भीषण बाढ़ से सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। जहां बाढ़ का कहर बरपा वहां



आज भी तटबंध कमजोर हैं और सायफन में घास-फूंस से अटे पड़े हैं। बीजेपी सरकार ने बाढ़ से तबाही रोकने के लिए योजना तो बनाई परंतु कुछ काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 30 जून से मानसून आ जाएगा, परन्तु अभी तक कोई तैयारी नहीं है। प्रदेश में पिछले साल जुलाई में घग्गर, मारकंडा, टांगरी नदियों ने कहर बरपाया था। हजारों एकड़ फसल तबाह हुई थी। पशुओं का नुकसान भी लोगों को झेलना पड़ा। इस भीषण बाढ़ को एक साल बीतने को है, लेकिन हालात में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जिस हालत में नदियों व नहरों के तटबंध थे, अब भी जस के तस हैं।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार सिर्फ वादे करती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं करती। बीजेपी सरकार ने पानी से होने वाली तबाही रोकने के लिए पिछले साल कुछ किया जाता तो लोगों को ये आर्थिक नुकसान नहीं झेलना पड़ता। बाढ़ के बाद से किसी अधिकारी ने घग्गर नदी की तबाही को आकर तक नहीं देखा। कई गांवों के खेतों में भी बड़े स्तर भूमि कटाव पिछले साल हुआ था। सरकार ने बांध या बड़े कटाव की जगह अभी कोई व्यवस्था नहीं की है।

## संक्षिप्त खबरें

### - दिव्यांग केंद्र में दिव्यांग बंधुओं को सिखाई योग की सरल क्रियाएं



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा व दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांग केंद्र में आयोजित किए गए इस शिविर में दिव्यांग बंधुओं को योग की सरल क्रियाओं से अवगत करवाया गया। इस दौरान उन्हें योग का अभ्यास भी करवाया गया। शिविर के दौरान दिव्यांग बंधुओं को स्वस्थ रहने के उपाय भी समझाए गए। आयुष विभाग की संतोष कुमारी ने योग सिखाने में विशेष भूमिका निभाई।

भाविप की विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा व दिव्यांग केंद्र पूरी तरह सामाजिक सरोकारों से जुड़े हैं। इसी कड़ी में दिव्यांग बंधुओं को योग सिखाया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बंधुओं की सुविधा के लिए यहां पर लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला भी उपलब्ध है जिसमें कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ-साथ लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला के तत्वावधान में विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क शिविर आयोजित करके दिव्यांग बंधुओं की जांच व कृत्रिम अंगों के माप भी लिए जाते हैं। इसके उपरांत लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला में कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांगों को फ्री उपलब्ध करवाए जाते हैं।

### हिसार एयरपोर्ट के उदघाटन को भाजपा ने बनाया मजाक : लाल बहादुर खोवाल

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 20 जून को हिसार एयरपोर्ट का उदघाटन करने की सूचना पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा इस एयरपोर्ट का न जाने कितनी बार उदघाटन करेगी। उन्होंने कहा इस एयरपोर्ट के नाम पर भाजपा कई वर्षों से जनता को बरगला रही है। अब अक्टूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक बार फिर जनता को भ्रमित करने के लिए वही चाल चली जा रही है। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता पहले भी एयरपोर्ट उदघाटन समारोह का हिस्सा रह चुके हैं। अब एक बार फिर 20 जून को उदघाटन करके बड़े-बड़े दावे व वादे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोहरलाल खट्टर व डॉ. कमल गुप्ता कितने महीनों से हवाई उड़ाने जल्द शुरू होने का दावा करते आ रहे हैं लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात है। वैसे भी बिना कोई हवाई यात्रा शुरू हुए उदघाटन करना राजनीतिक प्रपंच के अलावा कुछ नहीं है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट के बार-बार उदघाटन की भांति भाजपा ने हरियाणा व देशभर में इसी तरह के कारनामे करके जनता से कड़वा मजाक किया है। जगह-जगह नींव पत्थर लगाना भाजपा की कार्यशैली में शामिल हो गया है। कांग्रेस के शासनकाल में करवाए गए विकास कार्यों को भाजपा अपने नाम का पत्थर लगवाकर श्रेय लेने की कोशिश में लगी है लेकिन वास्तविकता तो यह है कि भाजपा ने हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, शोषित व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग को प्रताड़ित करने का काम किया है। इसके अलावा इस एयरपोर्ट की शुरूआत कांग्रेस राज में की गई थी लेकिन हरियाणा में पांच लोकसभा सीट हारने से भाजपा अब बौखलाई हुई है।

## फर्जी बैनामा में गवाही पडी भारी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

थाना बरसाना पुलिस ने फर्जी बैनामा में गवाही देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल ने बताया कि बरसाना बस स्टैण्ड से फर्जी बैनामा में गवाही देने वाले अभियुक्त बिजेन्द्र पाल शर्मा पुत्र राम कुमार शर्मा निवासी रूल थोक गरूड गोविन्द मंदिर के सामने छटीकरा थाना जैत जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाने पर धारा 420, 467, 468, 471, 416 व 120बी आईपीसी में थाना मगोर्रा पर मामला दर्ज हुआ था।

# गंगा दशहरा पर्व के लिए पतंगों की खरीदारी के लिए युवाओं में जोश

**गंगा दशहरा**

**गंगा दशहरा पर्व से एक दिन पहले पतंग की बिक्री करने वाले दुकानों पर युवा खरीदारी करते नजर आए**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

ब्रज मंडल में गंगा दशहरा पर पतंग उड़ाए जाने की परंपरा है। हालांकि अब युवाओं में पतंग उड़ाने के लिए पहले जैसा उत्साह नहीं रह गया है। फिर भी गंगा दशहरा पर इस परंपरा से आसमान सतरंगी नजर आएगा। जिसे लेकर गंगा दशहरा पर्व से एक दिन पहले पतंग व मांझे की बिक्री करने वाले दुकानों पर



शौकीन युवा खरीदारी करते नजर आए। खरीदारी के दौरान मोदी-योगी, मोटू पतलू आदि पतंग अब काफी लोकप्रिय हो रही है। पतंगबाजी के पुराने शौकीन गोपीनाथ नगला निवासी कारेलाल पतंग वाले बताते हैं कि बर्तमान में बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, रामपुर का मांजा पतंग की खरीदारी का अधिक क्रेज है। यहा की पतंग हवा में पहुंचने के बाद बिलकुल भी हिलती नहीं थी। इससे पेच लड़ाने में भी मजा आता है। उनका कहना है कि पहले की भांति युवाओं में पतंगबाजी का क्रेज काफी हद तक कम हो गया है। पहले युवाओं के बीच पतंगबाजी की प्रतियोगिता होती थीं। शौकीन रईस व्यक्ति प्रतियोगिता जीतने वाले युवाओं को पुरस्कार देते थे। पुरस्कार पाने की चाह में युवा भी चिलचिलाती धूप में ही दिन भर अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन दिखाते थे। प्रतियोगिताओं के लिए दो स्थान चिन्हित किए जाते थे। पतंगबाजी के दौरान कभी एक स्थान से तो कभी दूसरे स्थान से आई बोलबो कट्टा की आवाजें पतंगबाजी का नजारा देखने वाले दर्शकों को उत्साहित करती थी। वही दर्शक भी प्रतिभागियों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया करते थे।

हालांकि की इस प्रतियोगिता में पहले से काफी कमी आई है, लेकिन आज भी कुछ युवाओं ने इस प्रतिभा को जीवंत रखा हुआ है। यहां बताते चले की गंगा दशहरा पर्व पर गंगा यमुना स्नान के बाद पतंगबाजी का एक अलग ही महत्व है। जिसे लेकर ब्रज मंडल में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# मथुरा को मिलेगी बेस्ट टू वंडर पार्क की सौगात

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

कान्हा की नगरी की खूबसूरती में एक और आकर्षण जुडेगा। शहर को बेस्ट टू वन्डर पार्क की सौगात मिलेगी। स्मार्ट सिटी योजना के तहत इस पार्क को विकसित किया जा रहा है। पार्क के लिए नगर निगम द्वारा भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर भूमि तलाशी गई, आखिर में जवाहर बाग के पास की भूमि को हरी झंडी दे दी गई है।

भूमि चयन के बाद पार्क निर्माण की आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत वेस्ट टू वंडर पार्क बनाये जाने के लिए राज्य स्मार्ट सिटी



योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित किया जाना है।

जिसके लिए उपयुक्त भूमि चयनित करने के लिए शनिवार को नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम की विभिन्न भूमियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त शशांक चौधरी के द्वारा जवाहर बाग के निकट भूमि चिन्हित की गई। इसके उपरान्त कार्य की परियोजना तैयार किये जाने के लिए परियोजना प्रबन्धक सी एण्ड डीएस को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय एसपी मिश्र (अधिशासी अभियन्ता सिविल) भी उपस्थित रहे। जिन्हें नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि परियोजना प्रबन्धक से समन्वय स्थापित कर इस कार्य की परियोजना यथा शीघ्र तैयार कराकर स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित कराये।

## ओशो ध्यान उपवन में 16 जून को गीता के समत्व योग पर आधारित होगा ध्यान सत्र

**हिसार, 15 जून (महेंद्र गोयल) :** ओशो ध्यान उपवन में 16 जून को गीता के समत्व योग पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में मध्य मार्ग अपनाने एवं समान भाव से कर्म करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन सामाजिक व आध्यात्मिक सरोकारों के प्रति समर्पित है। इसलिए यहां समय-समय पर ध्यान सत्र व शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 16 जून को समत्व योग पर विशेष चर्चा रहेगी।

## पश्चिम बंगाल में हो रही राजनीतिक हिंसा का जायजा लेने के लिए बिप्लब देब के नेतृत्व में समिति गठित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद हो रही राजनीतिक हिंसा का जायजा लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति रविवार शाम तक कोलकता पहुंच जाएगी और वहां हो रही हिंसा की घटनाओं की जांच कर रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह द्वारा पत्र भी जारी किया गया है।

इस चार सदस्यीय समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार को शामिल किया गया है। सांसद एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को समिति का संयोजक बनाया गया है। बिप्लब देब रविवार शाम को कोलकता पहुंच जाएंगे।

समिति के गठन के साथ ही बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में हो रही राजनीति हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं भी राजनीतिक हिंसा की घटनाएं लोकसभा चुनाव में नहीं हुई। देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए हैं,



लेकिन पश्चिम बंगाल ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां चुनाव के बाद भी हिंसा जारी है और विपक्ष के कार्यकताओं तथा मतदाताओं पर हमले हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल में ऐसी ही घटनाएं 2021 के विधानसभा चुनावों में भी देखी गई थी।भाजपा का आरोप है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हिंसा की घटनाओं पर मूक दर्शक बनी हुई है।

कोलकता हाईकोर्ट ने राज्य में हो रही हिंसा को गंभीरता से लेते हुए सीएपीएफ की तैनाती 21 जून तक बढ़ाई है और घटनाओं की समीक्षा के लिए 18 जून को सूचीबद्ध किया है। अब भाजपा ने पश्चिम बंगाल में हो रही राजनीतिक हिंसा की घटनाओं का तत्काल जायजा लेने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है।

यह समिति त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बिप्लब कुमार देब के नेतृत्व में बंगाल का दौरा कर पूरी रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी।

# अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम के प्रवक्ता राहुल गर्ग पहुंचे रोहतक

**भव्य स्वागत**

**अग्रोहा धाम टीले की खुदाई का काम जल्द शुरू करें सरकार : राष्ट्रीय प्रवक्ता राहुल गर्ग**

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

हुडा कांप्लेक्स स्थित निशुल्क विवाह परिचय केंद्र कार्यालय में अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय प्रवक्ता राहुल गर्ग पहुंचे ट्रस्ट सदस्य द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गर्ग ने कहा कि 27 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में भव्य मेला आयोजित किया जाएगा मेले में देश-विदेश से लाखों की संख्या में समाज के




लोग पहुंचकर अग्र कुलदेवी लक्ष्मी का आशीर्वाद लेंगे उन्होंने कहा कि 11 मार्च को अग्रोहा धाम में टीले की खुदाई शुरू हो गयी थी एक दिन के बाद बंद हो गई उन्होंने प्रदेश व केंद्र सरकार से तुरंत टीले की खुदाई शुरू करने की अपील की उन्होंने कहा की टीले की खुदाई से 7000 कलाकृतियां सोने चांदी के सिक्के कीमती मूर्तियां,मोतियों के हार व महाराजा अग्रसेन की राजधानी की अनेक ऐतिहासिक धरोहर मिलेगी जो अग्रोहा धाम म्यूजियम में रखी जाएगी जिससे युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति एक ईंट एक रुपया का सिद्धांत नजदीक से जान सके इस मौके पर राहुल जैन,सुशील गुप्ता, सतीश गोयल ,मुकेश गुप्ता, देशराज बंसल, अशोक गुप्ता, गणपत राय गोयल, राजन गुप्ता, राहुल जैन लोकेश जैन ,यश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिना कोचिंग के नितिश सेलपाड़ बना एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर

**टीम एक्शन इंडिया/बरवाला-हिसार** कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों...! इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है गांव तलवंडी राणा निवासी नितिश सेलपाड़ ने। शुक्रवार देर रात जारी हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में नीतीश सेलपाड़ ने प्रदेश में छट्टा स्थान प्राप्त किया है। इसी कामयाबी के साथ नीतीश सेलपाड़ कल तक जिस विभाग में क्लर्क था, आज वो उसी विभाग का सिरमौर बन गया है। हालांकि नीतीश का मानना है कि एचसीएस की परीक्षा पास करके एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर बनना उसकी जिन्दगी का एक पड़ाव है, उसकी



मंजिल आईएएस बनना है। समाजसेवी नरेश सेलपाड़ का बेटा अब तक हिसार मुख्यालय पर एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग में बतौर क्लर्क कार्यरत था। नितिश आरंभ से ही हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा को पास करना चाहता था। इसके लिए वह लंबे समय से तैयारी भी कर रहा था। गांव तलवंडी राणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से दसवीं, लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू से 11वीं व आरोही मॉडल स्कूल भिवानी रोहिल्ला से 12वीं व दयानंद महाविद्यालय (डीएन कॉलेज) से बीएससी नॉन मेडिकल एवं डिस्टेंस एजुकेशन से मास्टर डिग्री करके नीतीश लंबे समय से हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा पास करने की तैयारी में जुटा था। यहां बता दे कि बरवाला विधानसभा क्षेत्र में नीतीश सेलपाड़ एकमात्र ऐसा युवा है, जिसने इस बार हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा में नीतिश सेलपाड़ ने यह मुकाम पाया है। नीतीश की इस उपलब्धि पर गांव तलवंडी राणा में जश्न का माहौल है और सोमवार को पूरा गांव एक सामूहिक स्वागत समारोह का आयोजन करेगा।

**बिना कोचिंग के पाया मुकामः-** एचसीएस की परीक्षा में बी.सी.ए वर्ग की श्रेणी में प्रदेश स्तर पर छट्टा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ ने यह मुकाम बिना किसी कोचिंग के पाया है। नीतीश के परिवार ने उसके लिए एक मार्डन रीडिंग रुम बनवा दिया। इसी प्रकार अपने पिता नरेश सेलपाड़ के सपने को साकार करने के लिए नीतीश ने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। इसके अलावा उसके पारिवारिक कार्यक्रमों से भी दूरी बनाए रखी।

**हर रोज करता था आठ घंटे पढ़ाईः-**नव चयनित एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर नीतीश सेलपाड़ के अनुसार उसने यह मुकाम हासिल करने के लिए औसतन हर रोज आठ घंटे पढ़ाई की है। इस दौरान उनके पिता नरेश सेलपाड़, लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू के निदेशक रामनिवास वर्मा का मार्ग-दर्शन व सानिध्य सदैव मिला।

# बीजेपी सरकार में हरियाणा में खुलेआम पनप रहा टैंकर माफियाः अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शनिवार को पानीपत और सोनीपत में हो रही पानी की चोरी को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा हरियाणा की बीजेपी सरकार मूनक नहर में हो रही पानी की चोरी पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा एक तरफ हरियाणा सरकार दिल्ली सरकार पर टैंकर माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगा रही है, जबकि उसके उलट हरियाणा में टैंकर माफिया मूनक नहर से पानी चुराने में लगा हुआ है।



उन्होंने कहा कि मूनक नहर से दिल्ली को पानी दिया जाता है। जो पानी दिल्ली की जनता के लिए है। उसमें करनाल, पानीपत और सोनीपत में रात के अंधेरे में टैंकर संचालक चोरी करते है। करनाल में टैंकर संचालक तो वहीं पानीपत में मोटर और पाइप लगाकर इस पानी की चोरी की जाती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार और नेताओं को दिल्ली सरकार पर टैंकर माफिया को बढ़ावा देने के आरोप लगाने से पहले खुद के गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए। हरियाणा में होने वाली पानी की चोरी का असर दिल्ली पर पड़ता है। इससे एक तरफ तो दिल्ली को पूरा पानी नहीं मिल पाता, वहीं दिल्ली में चल रही पानी की कमी पर भी असर पड़ता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2


एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 16 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# राकेश भारद्वाज चौक: आदर्श रसोई ने मनाया आयुष अरोड़ा का जन्मदिन

## धूमधाम से मनाया गया आयुष अरोड़ा जन्मदिन, पदाधिकारियों में दिखा गजब का उत्साह








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी '**राकेश भारद्वाज चौक**' पर आदर्श रसोई ने अपने तीसरे साल के 11वां रविवार का सफर भी पूरा कर लिया है। इस मौके पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के कर्मठ कार्यकर्ता सुशील अरोड़ा ने परिवार सहित शिरकत की।

इस मौके पर सुशील अरोड़ा के सुपुत्र आयुष अरोड़ा का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।



### रिबन काटकर अरोड़ा परिवार परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने आयुष अरोड़ा का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से अरोड़ा परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

### अरोड़ा परिवार का हुआ भव्य स्वागत, मालाएँ पहनाकर किया गया अभिनंदन

आयुष अरोड़ा के जन्मदिन के मौके पर पूरा अरोड़ा परिवार मौजूद रहा जिनका आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। सुशील अरोड़ा के व्यक्तित्व और जीवन पर भी प्रकाश डाला गया और अरोड़ा परिवार के द्वारा समाज के प्रति किए गए कार्यों का सबके सामने रखा। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे।
हर कोई उनके के मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है।

### आदर्श रसोई का सहभागी होने पर गर्व है : सुशील अरोड़ा


इस विशेष मौके पर सुशील अरोड़ा ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।
मैं भी रसोई के साथ जुड़ा हुआ हूँ। मुझे खुशी है कि मैं भी रसोई के सहभागी के रूप में अपना योगदान देता हूँ।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली


आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया।












## हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी, सप्ताह में मिले प्रोग्रेस रिपोर्ट : सीएम योगी

**प्रगति रिपोर्ट**


▸▸ विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीनों की रजिस्ट्री और मुआवजा वितरण में लाएं तेजी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। हर प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। हर परियोजना की एक समय सीमा तय होती है और उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। सीएम योगी शनिवार दोपहर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाए और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाए। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी हर माह जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें। सीएम योगी ने कहा कि बरसात का समय सन्निकट है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है, इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर सतत ध्यान दिया जाए।

## जनता ने भाजपा को नकारा, विधानसभा भी जीतेंगे: वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सांसद वरूण चौधरी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने शनिवार को यमुनानगर पहुंचे। उनके पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वरूण चौधरी ने कहा कि यमुनानगर की जनता ने कांग्रेस का खुल कर साथ दिया है। इसके लिए वह उनके आभारी रहेंगे। उनके कार्यकताओं ने दिन रात मेहनत की और उसकी की बदौलत आज वह संसद तक पहुंचे हैं। वहां पर लोकसभा को क्षेत्र की आवाज को उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 जून को वह शपथ लेंगे और राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सत्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि वह अंबाला लोकसभा क्षेत्र की जो भी मांगें हैं उन्हें उठायेंगे और पूरा करवाने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने कांग्रेस की गुटबाजी पर बोलते हुए कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। लोगों ने अब भाजपा को नाकार दिया है और यह लोकसभा चुनाव में साबित हो गया है। वहीं विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता बदलाव चाहती है।



केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर की।

## राजभर समाज के लोग अब ओपी राजभर से दूर हो गए: अनिल

**टीम एक्शन इंडिया**
वाराणसी: प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख और मंत्री ओम प्रकाश राजभर के एक बयान पर पलटवार किया है। अनिल राजभर ने कहा कि खबर में बने रहने के लिए बयान नहीं देना चाहिए। इस समय ईमानदारी से हार की समीक्षा करने का है। ओम प्रकाश राजभर को ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए, जो विरोधी बोल रहे हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दे रही है। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अनिल राजभर ने कहा कि ओपी राजभर के बेटे अरविंद राजभर को लोकसभा चुनाव में जो वोट मिला वो भाजपा का है। राजभर समाज के लोग अब ओपी राजभर से दूर हो गए है। दरअसल बीते शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनता की तरफ से नकारने की बात कहीं थी। हालांकि इस बयान ने जब तूल पकड़ा तो ओपी राजभर के बेटे अरूण राजभर ने वीडियो को फर्जी बताया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर की आवाज में फर्जी बात दिखाई गई है, जो उन्होंने कही ही नहीं। बलिया जिले में पार्टी कार्यकताओं की एक पुरानी बैठक से ये वीडियो निकाला गया और इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर राजभर को बदनाम करने की कोशिश हुई है। इसी वायरल वीडियो में दिए गए बयान पर अनिल राजभर ने सुभासपा प्रमुख पर जुबानी हमला बोला।

## झांज का बेटा पीरियल गोयत बना एयर फोर्स में लेफ्टिनेंट

**जींद: गांव** झांज खुर्द निवासी पीरियत गोयत एयर फोर्स अकेदमी हैदराबाद से 1 साल की ट्रेनिंग करके पास आउट हुआ। पीरियल गोयत का एएफसीएटी-2022 की परीक्षा में चयन हुआ था। पीरियल गोयत के दादा बलबीर सिंह ने बताया कि पीरियल गोयत बचपन से ही पढ़ाई में होशियार था।

**हर्षोल्लास** कई किलोमीटर तक लगी लंबी कतारें: प्रशासन ने श्रद्धालुओं को चार पहिया के साथ दोपहिया वाहनों से भी आने पर पहली बार रोक लगायी

## कैंची धाम में वार्षिक महोत्सव पर उमड़ रहे श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल:** नैनीताल में जनपद मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर देश में विरले ही मिलने वाली उत्तरवाहिनी शिप्रा नदी के किनारे स्थित बाबा नीब करौरी के विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में शनिवार को हर वर्ष की तरह भव्यता व धार्मिक हर्षोल्लास के साथ वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार बड़ी संख्या में सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को चार पहिया के साथ दोपहिया वाहनों से भी आने पर पहली बार रोक लगायी है और सभी श्रद्धालुओं को केवल शटल वाहनों से कैंची धाम पहुंचाया जा रहा है। इसके बावजूद कैंची धाम में दोनों ओर श्रद्धालुओं की 4-4 किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं। श्रद्धालु तपती धूप में नंगे पैर भी एक-एक कदम आगे बढ़ते हुए बाबा नीब करौरी की सजीव सी लगने वाली मूर्ति के दर्शन कर रहे हैं और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। जनपद के एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, एसडीएम प्रमोद कुमार सहित अनेक पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर व्यवस्थाओं को बनाने में जुटे हुए हैं।

**ऐसे हुई कैंची धाम में बाबा नीब करौरी के मंदिर की स्थापना: इस अवसर पर** जान लें कि बाबा नीब करौरी कैसे कैंची धाम पहुंचे। बताया जाता है कि 1942 में एक दिन तब कुछ ही घरों के कैंची गांव में रहने वाले पूणानंद तिवाड़ी को एक रात्रि खुफिया डांठ नाम के निर्जन स्थान पर एक कंबल ओढ़े व्यक्ति ने कथित भूत के डर से भय मुक्त कराया और 20 वर्ष बाद लौटने की बात कही। वादे के अनुसार 1962 में वही कंबल ओढ़े व्यक्ति बाबा नीब करौरी रानीखेत से नैनीताल लौटते समय कैंची में रुके और सड़क किनारे के पैराफिट पर बैठ गए और पूणानंद को बुलाया। कहा जाता है कि इससे पूर्व सोमवारी बाबा इस स्थान पर भी धूनी रमाते थे, जबकि उनका मूल स्थान पास ही स्थित काकड़ीघाट में कोसी नदी किनारे था। सोमवारी बाबा के बारे में प्रसिद्ध था कि एक बार भण्डारे में प्रसाद बनाने के लिए घी खत्म हो गया। इस पर बाबा ने भक्तों से निकटवर्ती नदी से एक कनस्तर जल मंगवा लिया, जो कढ़ाई में डालते ही घी हो गया।

## छात्रसंघ राजनीति की पहली सीढ़ी है : गणेश जोशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई टिहरी:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ समारोह का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समापन पर बतौर मुख्य अतिथि कृषि व सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि छात्र संघ राजनीति की पहली सीढ़ी है इसलिए इस सीढ़ी को सफलता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि इसी तरह से महाविद्यालय भी छात्रों के संस्कारों की जननी है इसलिए छात्र नशे से दूर रहें और आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का काम करें। छात्र जीवन की दिशा को अभी से तय करें, ताकि देश के लिए आने वाले समय में निर्णायक बनकर सामने आयें। इसके बाद छात्र संघ व महाविद्यालय प्रशासन ने भी अपनी उपलब्धियों को सामने रखा।